


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 26 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-237 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## अब हम आतंक को मजबूती से कुचल रहे हैं: मोदी

■ नई दिल्ली 26 नवंबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का आज 107वां एपिसोड प्रसारित हुआ, जिसका आकाशवाणी पर सीधा प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने जल संरक्षण और अमृत सरोवर की बात की। भारत में 65 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। गुजरात के अमरेली में जल उत्सव मनाया जाता है, जिससे जल संरक्षण को लेकर जागरुकता आई है। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में बेल्जिपुरम यूथ क्लब स्किल डेवलपमेंट पर फोकस कर रहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने देश की कई और प्रेरक कहानियां बताई।

पीएम ने कहा सूरत में युवाओं की एक टीम ने प्रोजेक्ट सूरत की शुरुआत की है जिसका लक्ष्य सूरत को सफाई और सस्टेनेबल विकास की मिसाल बनाना है। इसके तहत युवा सार्वजनिक जगहों की सफाई करते हैं और आज इन लोगों की संख्या 50 हजार से ज्यादा हो गई है। इन लोगों की टीम ने लाखों किलो कचरा हटाया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के लोगानाथन जी गरीब बच्चों को अपनी कमाई का एक हिस्सा दान देते हैं। वह अब तक 1500 से ज्यादा बच्चों की मदद कर चुके हैं। डिजिटल पेमेंट को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि



अब लोग ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पेमेंट कर रहे हैं, ये भी बहुत उत्साह बढ़ाने वाला है। आप तय करिए कि एक महीने तक आप यूपीआई से या किसी डिजिटल माध्यम से पेमेंट करेंगे या कैश पेमेंट नहीं करेंगे। भारत में डिजिटल क्रांति की सफलता ने इसे बिल्कुल संभव बना दिया है। पीएम मोदी ने बताया कि 2022 में भारतीयों द्वारा पेटेंट आवेदन में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें पेटेंट फाइल करने में सबसे आगे रहने वाले टॉप-10 देशों में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। सरकार ने जो प्रशासनिक और कानूनी सुधार किए हैं। उसके बाद आज हमारे युवा एक नई ऊर्जा के साथ बड़े पैमाने पर इनोवेशन में जुटे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने का नया वातावरण बन रहा है, ये जरूरी है क्या? भारत की मिट्टी में भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह करेंगे तो देश का पैसा, देश में रहेगा। छोटे छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बताएंगे। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि मैंने वोकल फॉर लोकल की अपील की थी और बीते कुछ दिनों में त्योहारों पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। वोकल फॉर लोकल अभियान समृद्ध भारत के द्वार खोल रहा है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। संविधान सभा में 15 महिलाएं थी। इन्हीं में से एक हंसा मेहता ने महिलाओं के अधिकार और न्याय की आवाज बुलंद की थी। उस समय भारत उन कुछ देशों में से था, जिन्होंने महिलाओं को संविधान से वोटिंग का अधिकार दिया। संविधान निर्माताओं की उसी दूरदृष्टि का पालन करते हुए भारत की संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है और यह हमारे लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का उदाहरण है।

## उत्तरकाशी सुरंग हादसा: हैदराबाद से लाया गया प्लाज्मा कटर

**नैनीताल 26 नवंबर।** दिवाली के दिन से उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सुरंग में कैद 41 श्रमिक बाहर निकले की उम्मीद लगाए हैं। उन्हें बाहर निकालने की पूरी कोशिशें हो रही हैं लेकिन हर बार मशीन के आगे बाधा आ रही है। रेस्क्यू का आज 15वां दिन है। हैदराबाद से प्लाज्मा कटर लाया गया है। इसके साथ ही बीएसएनएल ने भी फंसे मजदूरों तक लैंडलाइन की सुविधा दे दी है। ऑगर मशीन के फंसे बरमे को काटने के लिए आज तड़के पांच बजे हैदराबाद से प्लाज्मा कटर पहुंच गया है। जिससे अभी तक 27 मीटर बरमे को काटकर निकाला जा चुका है। अभी 18 मीटर तक और काटकर निकाला जाना है। सूत्रों के अनुसार इस काम में अभी एक से डेढ़ दिन का समय और लग सकता है।

सुरंग के अंदर बचाव दल के लोग काम कर रहे हैं। अब सुरंग के अंदर सुरक्षा छतरी लगाने की तैयारी चल रही है। फंसे हुए श्रमिकों को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने में सक्षम बनाने के लिए बीएसएनएल की ओर से एक लैंडलाइन सुविधा स्थापित की गई है।

इससे सुरंग के अंदर फंसा उनका देवर भी निराश है। झारखंड के ग्राम केशोडीह निवासी विश्वजीत कुमार के भाई इंद्रजीत भी सुरंग के बाहर अपने भाई का इंतजार कर रहे हैं। उनका



कहना है कि हर दिन उम्मीद बंधती है कि आज अंदर फंसे सभी लोग बाहर आ जाएंगे, लेकिन फिर शाम होते-होते यह उम्मीद टूट जाती है।

हकीकत में कब तक निकाला जाएगा, यह पता नहीं है। पिछले तीन दिन से सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान अंतिम चरण बताया जा रहा था, लेकिन अब यह खिंचता जा रहा है। इससे अब अंदर फंसे मजदूरों के परिजनों के सब्र का बांध भी टूटने लगा है। सुरंग में फंसे बिहार के बांका जिले के रहने वाले वीरेंद्र किसकू की भाभी सुनीता ने बताया कि वह पिछले तीन दिन से सुन रहे कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने वाला है, आज उन्हें निकाल लिया जाएगा, लेकिन रेस्क्यू पूरा ही नहीं हो रहा है।

## संक्षेप

### ट्रक से कर रहे थे गांजा की तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी, 26 नवंबर ।** पुलिस ने एक बार फिर गांजा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है. ट्रक से गांजा की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को बोरई पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों से 80 किलो गांजा जब्त किया गया है. जब्त गांजे की कीमत 16 लाख रुपए बताई जा रही है. गांजा और ट्रक समेत जब्त सामानों की कीमत 34 लाख 4 हजार 500 रुपए बताया जा रहा है. बोराई चेक पोस्ट में चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई है. पकड़े गए दोनों आरोपी एमपी के रहने वाले हैं. पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत दोंनो को जेल भेज दिया है. दरअसल धमतरी एसपी प्रशान्त ठाकुर के निर्देशन में शुक्रवार को थाना प्रभारी बोराई राजेश जगत और पुलिस टीम नाकाबंदी पाईंट एवं जांच कार्यवाही कर रही थी, तभी ओडिशा की तरफ से आते एक ट्रक को थाना बोराई के सामने बैरियर नाका के पास संदेह के आधार पर रोका गया. चेक करने पर दो व्यक्ति बैठे मिले. पूछताछ में गतिविधि संदिग्ध लगी।

### मुख्यमंत्री के पिता की तबीयत काफी नाजुक

**रायपुर, 26 नवंबर।** मुख्ययमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबियत काफी नाजुक बतायी जा रही है। पिता की तबियत बिगड़ने की जानकारी के बाद सीएम भूपेश बघेल आज शनिवार को शांति नगर स्थित पाटन सदन पहुंचकर पिता से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य संबधित जानकारी ली। आपको बता दे कि कुछ दिन पहले ही नंद कुमार बघेल की तबियत बिगड़ने पर उन्हे मोवा के बालाजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जिन्हे उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिलने पर हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया था। आज बताया जा रहा है कि एक बार फिर नंद कुमार बघेल की तबियत ज्यादा खराब हो गयी। स्थिति नाजुक होने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने पिता से मिलने तत्काल शांति नगर स्थित पाटन सदन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पाटन सदन पिता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद डॉक्टरों की टीम से इलाज के संबंध में जानकारी ली।

### साड़ी से भरा वाहन लेकर युवक फरार

**रायपुर, 26 नवम्बर ।** एसके लॉजिस्टिक एंड कंपनी एमपी आइल मील भनपुरी में साड़ी से भरा गाड़ी को बिना जानकारी दिए ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत के ख्यानत में मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामकुमार कसवा 52 वर्ष महेश कालोनी गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी रविश चंद्राकर प्रार्थी की एसके लॉजिस्टिक एंड कंपनी एमपी आइल मील भनपुर के गोदाम का देखरेख करता था।

## रमन सिंह ने कांग्रेस पर विकास को बाधित करने का लगाया आरोप

■ रायपुर 26 नवंबर

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर विकास बाधित करने का आरोप लगाया है. जिसको लेकर पूर्व सीएम रमन ने ट्वीट किया है. रमन सिंह का आरोप है कि, राजनांदगांव के साथ पक्षपात किया जा रहा है.



अब बस 3 दिसंबर का इंतजार है.

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने ट्वीट कर लिखा, पिछले 5 साल से कांग्रेस की सरकार में राजनांदगांव के साथ पक्षपात हुआ है, राजनांदगांव से विभिन्न शासकीय कार्यालयों को हटाकर जिले के विकास को बाधित किया गया और अब आचार संहिता के दौरान महुआ फूल प्रसंस्करण इकाई को राजनांदगांव से पाटन ले जाया जा रहा है जो एक बार फिर राजनांदगांव के साथ हो रहे पक्षपात का प्रमाण बनकर खड़ा है.आगे उन्होंने लिखा, अब बस 3 दिसंबर का इंतज़ार है. बहुत जल्द प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही राजनांदगांव समेत पूरे प्रदेश के रुके विकास को एक बार फिर गति मिलेगी।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगाई आस्था की डुबकी

■ रायपुर 26 नवंबर

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के महादेव घाट में आस्था की डुबकी लगाई. इसके साथ ही महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती भी की. जिसके बाद कई कांग्रेस नेताओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलाव में आग सेकते नजर आए.

महादेव घाट तट पर नहाने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के परंपरा में रही है खासकर जो बच्चे हैं. वह जरूर कार्तिक मास में गांव में जाते हैं और इस परंपरा के अनुसार आज नहाते हैं. मेरे साथ महंत रामसुंदर दास जी, प्रदीप शर्मा, एजाज ढेबर और कई साथी आए हैं. खारुन तट में हमने हटकेश्वर महादेव के दर्शन भी किए हैं. लगातार हम लोग इसका लगातार पालन कर रहे हैं. एक अच्छी परंपरा है. सूर्यदेव के पहले स्नान करना यह लाभदायक भी है.

### ■ राम मंदिर पर बीजेपी कर रही राजनीति



वहीं तेलंगाना के दौरे को लेकर कहा कि, तेलंगाना की यात्रा है. वहां चुनाव प्रचार जोरों पर है. दो दिन के लिए जा रहा हूं. इतना ही राजस्थान में वोटिंग को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा, जबरदस्त वोटिंग हुई है. राजस्थान में मैं समझता हूं गहलोत सरकार की उपलब्धियां को देखते हुए जनता ने वोट किया है.

राम मंदिर को लेकर सोशल मीडिया में एक्टिविटी को लेकर सीएम बघेल ने कहा, राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बना है. भारतीय जनता पार्टी उसमें राजनीति कर रही है. पूरे देश में जानते हैं, छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर भगवान राम के मूर्ति की स्थापना की गई है. हम उसके नाम पर वोट नहीं मांगते हैं. वह हमारी आस्था का विषय है.भाजपा के द्वारा निर्वाचन में शिकायत मामले पर सीएम ने कहा, जिस दिन नोटिस आएगा, उसका जवाब दिया जाएगा. सोशल मीडिया में राहुल गांधी के पोस्ट को डिलीट करवाने को लेकर सीएम बघेल ने कहा, यह तो निष्पक्ष होना चाहिए. निर्वाचन आयोग को हम लोग भी शिकायत किया था, जब फॉर्म भरा रहे थे और विज्ञापन दे रहे थे. तब भी हम लोगों ने शिकायत किया

वहीं ट्रेन रद्द होने को लेकर भी भूपेश बघेल का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा, यह तो होगी ही. बुलेट ट्रेन तो आई नहीं. वंदे भारत छोटी हो गई है. अब ट्रेन लगातार कई महीनों से रद्द हो रही है. कोरोना आया था, तब से रद्द हैं. इस मामले में रमन सिंह जी चिट्ठी नहीं लिखेंगे, भारत सरकार को.

## नशे में यात्रियों से भरी बस को चला रहे ड्राइवर ने कई लोगों को मारी टक्कर

**बलौदाबाजार, 26 नवंबर ।** पुलिस की सक्रियता से बस में बैठे यात्रियों की जान बचाई है और एक बड़ी दुर्घटना होते होते बची. पलारी पुलिस को लोगों ने सूचना दी कि रायपुर से बलौदाबाजार की ओर आ रही गुरु कृपा ट्रेवल्स बस का चालक शराब के नशे में बस को लहराते हुए चला रहा है. जिससे सड़क पर चलने वाले कुछ लोगों को ठोकर मारते और दुर्घटना कारित करते-करते बचा है.

सूचना पर पुलिस ने बस का पीछा कर ग्राम अमेरा के पास रुकवाया. जिसके बाद बस चालक को बस से उतरवा. उस समय वह काफी नशे में था साथ ही कंडक्टर ने भी नशा कर रखा था. नाम पूछने पर चालक ने अपना नाम राजकुमार लूनिया पिता मनोहर लाल उम्र 33 साल निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा बताया. बस क्र. छ्त्त15 क्क 0226 और बस चालक को थाना पलारी लाया गया आरोपी बस चालक के विरुद्ध धारा 185 एमवी एक्ट की कार्रवाई की गई. साथ ही शराबी बस चालक के विरुद्ध धारा 279 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए पृथक से धारा 151,107/116 जा.फौ. के तहत भी कार्रवाई की गई है. बस में बैठे लोगों ने पलारी पुलिस को धन्यवाद दिया.

बता दें कि बलौदाबाजार जिले से सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन बसें राजधानी सहित आसपास के जिलों में चलती है जिसमें हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं. ऐसे में आज की घटना सवाल पैदा करती है कि बस मालिक ऐसे चालकों को वाहन चलाने क्यों देते हैं. जिससे सैकड़ों सवारियों की जान जा सकती है. वहीं आरटीओ विभाग ऐसे संचालकों पर कार्रवाई भी नहीं करती है।

## आज ही के दिन 15 साल पहले दहल उठी थी मुंबई

■ मुंबई 26 नवंबर

26 नवंबर 2008 ऐसी तारीख है जिसे याद कर आज भी लोगों की आंखें भर जाती हैं। आज इस हादसे को 15 साल पूरे हो गए हैं. इस हमले में आतंकियों ने ताज होटल को अपना निशाना बनाया था, दिल दहला देने वाले हमलों में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 164 लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा घायल हुए थे। मुंबई के इस हमले को पूरी दुनिया के सबसे बड़े आतंकी हमले में शामिल किया जाता है. मायानगरी मुंबई में साल 2008 में आज ही के दिन पाकिस्तान से समंदर के रास्ते आए आतंकियों ने पूरी मुंबई पर हमला किया था. आज इस हादसे को 15 साल पूरे हो गए हैं. लेकिन आज भी '26 नवंबर 2008 की तारीख याद कर सबकी आंखें गमगीन हो जाती हैं. इस दिन को याद कर मुंबई ही नहीं पूरा देश इसे याद करके कांप उठता है.सभी 10 आतंकी समुद्र के रास्ते मुंबई पहुंचे थे. उन्होंने ताज होटल समेत ओबेरॉय ट्राइडेंट होटल और नरीमन हाउस जैसी कई और ठिकानों को अपना निशाना बनाया था. आतंकियों ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनल



रेलवे स्टेशन को भी अपना निशाना बनाया था. इस दौरान आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी. इतना ही नहीं इन आतंकवादियों ने अस्पताल को भी अपना निशाना बनाया था. आतंकी अजमल कसाब के साथ एक आतंकी कामा अस्पताल में घुसे थे. यहां उन्होंने खूब हंगामा मचाया था, जिसमें दो चौकीदार शहीद हो गए थे. इस आतंकी हमले से पूरी मुंबई सहम गई थी. 3 दिनों तक लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे थे।

हमले के बाद मुंबई पुलिस और सेना ने आतंकियों के खिलाफ एक ऑपरेशन शुरू किया था. इस ऑपरेशन में कई हस्त्र कमांडो भी शामिल थे. ये ऑपरेशन 3 दिनों तक चला था जिसमें सभी आतंकियों को मार गिराया. लेकिन एक आतंकी अजमल आमिर कसाब को जिंदा पकड़ लिया गया था. कसाब को साल 2012 फांसी दे दी गई थी।

## ओडिशा में ट्रक पटलने से 6 मजदूरों की मौत

**भुवनेश्वर 26 नवंबर।** ओडिशा के मलकानगिरि जिले में शनिवार को एक ट्रक के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम छह श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। उन्होंने घायलों के लिए मुफ्त इलाज का भी आदेश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पुलिस ने बताया कि हादसा स्वाभिमान अंचल के हंतलागुडा घाट इलाके में हुआ, जब सीमेंट से लदा ट्रक मज़दूरों को लेकर चित्रकोंडा से जोडाम्बा जा रहा था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सीमेंट की बोरियों के नीचे दबे मजदूरों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि घायलों को जोडाम्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बाद में चित्रकोंडा में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, पांच की मौके पर ही मौत हो गई, एक अन्य घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सभी मृतक पड़ोस के नबरंगपुर जिले के कोसागुमुडा इलाके के रहने वाले थे। नबरंगपुर के सांसद रमेश माझी ने अस्पताल का दौरा किया और घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। एक अन्य दुर्घटना में, नयागढ़ जिले के दासपल्ला इलाके में एक कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबलाया चौराहे के पास उस समय हुई जब कार छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों को पुरी ले जा रही थी। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### वीवीएस लक्ष्मण हो सकते हैं नए हेड कोच

## भारतीय क्रिकेट टीम में होगा बड़ा बदलाव

**मुंबई 26 नवंबर ।** राहुल द्रविड़ की कोचिंग में और रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में, इंग्लैंड में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में, आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

भारत में खेले गए विश्व कप 2023 में हर के बाद अब हेड कोच को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। भारतीय टीम के हेड कोच को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं। इसी बीच माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने राहुल द्रविड़ से हेड कोच के तौर पर उनकी भूमिका की संभावनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की है। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत





को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारतीय टीम का तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने का सपना टूट गया था। वर्ल्ड कप के बाद हेड कोच राहुल द्रविड़ का कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म हो गया है। अब देखना है कि यह कॉन्ट्रैक्ट आगे बढ़ता है या हेड कोच की जिम्मेदारी किसी अन्य दिग्गज को सौंपी जाती है। संभावना है कि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड हेड कोच के लिए किसी अन्य नाम पर विचार कर रहा है। हेड कोच की जिम्मेदारी अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक वीवीएस लक्ष्मण को सौंप जा सकती है। बता दें कि भारतीय टीम के वर्तमान हेड कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ का कार्यकाल 2 साल का था जो विश्व कप के फाइनल मैच के दिन खत्म हो चुका है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने के बाद उनके कार्यकाल को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई के अधिकारी का कहना है कि राहुल और बीसीसीआई अधिकारियों के बीच वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा हुई है। सबको लगता है कि टी 20 विश्व कप में 7 से 8 महीना का समय है ऐसे में नए कोच के पास टीम बनाने और प्रक्रिया तय करने का समय होगा। यहां तक की राहुल द्रविड़ भी इस प्रक्रिया से इत्तेफाक रखते हैं। भारतीय टीम के हेड कोच को लेकर जो भी फैसला लिया जाएगा उससे पहले सभी पहलुओं पर गहनता के साथ विचार विमर्श होगा। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद माना जा रहा है कि वीवीएस लक्ष्मण को भारतीय टीम का हेड कोच बनाया जा सकता है। हालांकि वर्तमान में बीसीसीआई ने अपने सभी ऑप्शंस को खुला रखा है। इस मामले पर अभी तक कोई अधिकार एक फैसला या बयान सामने नहीं आया है। वीवीएस लक्ष्मण की बात करें तो वह टीम खिलाड़ियों और ट्रेनिंग के तरीकों से वाकिफ है। वीवीएस लक्ष्मण को टीम के साथ काम करने का अनुभव भी है।

## टाइगर रिजर्व में बाघ की धमक

**लोरमी 26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में इन दिनों टाइगर का धमक देखा जा रहा है. दरअसल 1 नवंबर से पर्यटकों के भ्रमण के लिए एटीआर का निर्धारित एरिया खोल दिया जाता है. जहां बिलासपुर के राकेश यादव सहित कुछ अन्य लोग वन विभाग के जिप्सी वाहन में जंगल क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे. इस दौरान अचानकमार से जल्दा के सड़क के पास ही टाइगर के होने का संकेत मिला. इस बीच उन्होंने टाइगर को सड़क किनारे मूवमेंट करते हुए देखा. इससे अब एटीआर में भ्रमण के लिए पर्यटकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है.





एटीआर में दूर-दराज से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं. इसका सड़क ही पर्यटकों को खूब लुभाता है. यहां वन्यजीव भी रास्ते में भ्रमण के समय दिखाई देते हैं. इसका लुफ्त पर्यटक भरपूर उठा रहे हैं. यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा हुआ है. यहां की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाती हैं. यहां के जंगल में शुद्ध ताजी हवा के साथ कल-कल बहता हुआ पानी साफ सुनाई देता है. इस वजह से ही सैर के लिहाज से अचानकमार टाइगर रिजर्व पर्यटकों की पहली पसंद है. यही वजह है कि 8 महीने यह पर्यटकों से गुलजार रहता है. चार महीने इसे पर्यटकों के लिए बंद ही रखा जाता है. दरअसल एक जुलाई से बरसात की वजह से इसे बंद कर दिया जाता है. 31 अक्टूबर तक पर्यटकों के सैर पर प्रतिबंध रहता है. यह हर साल की व्यवस्था है. वहीं टाइगर का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है इसको लेकर अचानक में टाइगर रिजर्व के डीएफओ विष्णु नायर ने पुष्टि करते हुए बताया कि पर्यटकों को जल्दा के रास्ते में टाइगर दिखाई दिया है।

## एक नजर

### गांजा बेच रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई,26 नवंबर।** पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र ग्राम धनोरा के गोल्डन चौक रोड किनारे से एक युवक को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपित से दो किलो 100 ग्राम गांजा और बिक्री रकम 350 रुपये जब्त की गई है। पद्मनाभपुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि गोल्डन चौक धनोरा में एक युवक को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया आरोपित महेंद्र टंडन (24) निवासी गोल्डन चौक रोहिणी पुरम फेस-तीन चौक के पास ही सड़क किनारे एक बोरी में गांजा रखकर बिक्री कर रहा था मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित सड़क किनारे ही खड़े होकर लोगों को गांजा बेच रहा था आरोपित से जब्त गांजा की कीमत 20 हजार रुपये आंकी गई।

### लूट का एक आरोपी गिरफ्तार,एक फरार

**भिलाई, 26 नवंबर।** भिलाई दो महीने पहले हरनाबांधा मुक्तिधाम के पास एक युवक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपितों में से एक को अब जाकर गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से आरोपित फरार था और रायगढ़ में छिपा था। आरोपित के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम रायगढ़ रवाना हुई और उसे गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और लूट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि केलाबाड़ी दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता निकहत परवीन ने एक सितंबर को दुर्ग सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत की थी कि उसके भाई नईम खान के साथ हरनाबांधा मुक्तिधाम के पास मारपीट व लूटपाट की घटना हुई है। आरोपित शाहरुख खान, राहुल लारोकर और बाबा राजपूत उर्फ कोढ़ी ने उससे गाली-गलौज कर राड से पीटा था और उसके पास से पर्स व मोबाइल लूट लिया था घटना में शामिल आरोपित राहुल लारोकर और बाबा राजपूत उर्फ कोढ़ी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था तीसरा आरोपित शाहरुख खान फरार था पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित रायगढ़ में छिपा हुआ था और वहीं पर रहकर काम कर रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम को रायगढ़ रवाना की गई और आरोपित को वहां से गिरफ्तार किया गया है आरोपित शाहरुख खान ( 28 ) निवासी गंजपारा दुर्ग के खिलाफ लूट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भिलाई,26 नवंबर।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई दुर्ग से अंडा की तरफ जाते समय पुलगांव में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। युवक के सिर और पैर पर गंभीर चोट लगी उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया पुलगांव पुलिस ने आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलगांव टीआई तपेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि ग्राम अछोटी मुरमुंदा निवासी पेनेश ठाकुर (35 ) बाइक से दुर्ग से अंडा की तरफ जा रहा था सुबह करीब साढ़े दस बजे वह पुलगांव के पास पहुंचा वहां पर सामने से आ रहे एक ट्रक सीजी 19 बीएफ 4113 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके सिर और पैर पर गंभीर चोट लगी उसे फौरन जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई बता दें कि पुलगांव से अंडा मार्ग का अभी निर्माण कार्य चल रहा है इसके चलते इस मार्ग पर हादसों का डर काफी ज्यादा बढ़ गया है ये घटना भी खराब सड़क से ही हुई है।

### नगर निगम में भारत के संविधान उद्देशिका का पठन किया गया

**राजनांदगांव 26 नवम्बर।** शासन द्वारा 26 नवम्बर 2023 को बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाये जाने निर्देश प्राप्त हुये थे। निर्देश के अनुक्रम में आज 26 नवम्बर दिन रविवार को शासकीय कार्यलयों,स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया जाना है।शासन निर्देशानुसार आज 26 नवम्बर रविवार को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निगम कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राटेके की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया गया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।

# विधायक देवेंद्र को तेलंगाना में विधानसभा की मिली जिम्मेदारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 नवंबर।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को तेलंगाना विधानसभा चुनाव में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा क्षेत्र गजवाल का प्रभारी बनाया है। विधायक देवेंद्र यादव तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं और जन-जन तक पहुंचकर विचार प्रसार में जमकर पसीना बहा रहे हैं। तेलंगाना में भी विधानसभा चुनाव होने वाला है। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस प्रत्याशी जनसंपर्क और प्रचार प्रचार में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कांग्रेस पार्टी की तरफ से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत विधायक यादव तेलंगाना के गजवाल विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार में निकल चुके। गजवाल विधानसभा क्षेत्र में नरश रेड्डी कांग्रेस के प्रत्याशी है। जिनके लिए वे लगातार डोर टू डोर दौरा कर रहे है। एआईसीसी द्वारा तेलंगाना के सीएम केसीआर के विधानसभा में विधायक यादव को मिली प्रचार की जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं । पार्टी से जिम्मेदारी मिलते ही विधायक यादव तेलंगाना के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचते ही पार्टी के प्रत्याशी के लिए जनसम्पर्क शुरू कर दिए। विधायक यादव ने बताया कि वहाँ की जनता को कांग्रेस पर और कांग्रेस के प्रत्याशियों पर पूर्ण भरोसा है और तेलंगाना के सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जमकर रुझान है।

# नंदनी माइंस के वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़े में दी सुरक्षा की जानकारी



**भिलाई, 26 नवंबर।** वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत खान सुरक्षा निदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ के तत्वाधान में, गैर कोयला खदान (बिलासपुर परिक्षेत्र) तथा नंदनी माइंस (चूना पत्थर), भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नंदनी खदान के सुरक्षा उद्यान में, दिनांक 25 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षण दल के सदस्यगण, गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड के टीम संयोजक हेमंत आर उपाटे, जायसवाल नीको से संतोष कुमार सिंह, मिवान स्टील्स लिमिटेड से विकास वर्मा तथा शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड से ए के दास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नंदनी खदान के कर्मचारियों एवं नंदनी के शालेय छात्र छात्राओं ने सुरक्षा प्रथम की थीम पर नाट्य का मंचन किया। जिसमें सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग और खदान में कार्य करने से जुड़ी सावधानियों के विषय में अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। इसी कड़ी में कार्यक्रम में पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। जिसमें अतिथियों द्वारा निरीक्षण कर विजेताओं का चयन किया गया। इन विजेताओं को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा सुरक्षा उद्यान में वृक्षारोपण भी किया गया। विशेष अतिथि एच आर उपाटे ने अपने उद्बोधन में कहा कि माइंस जैसे कार्यस्थल में हमेशा ही दुर्घटना का खतरा बना रहता है, अतएव हमें सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करना है और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने शालेय बच्चों को बधाई देते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। महाप्रबंधक सुधाकर जामुलकर ने अपने उद्बोधन में सुरक्षा सम्बंधित जानकारी साझा की। कार्यक्रम के की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खदान कर्मियों द्वारा सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण किया गया। जिसके बाद उप महाप्रबंधक (नंदिनी माइंस) बीरेंद्र कुमार ने अपने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की। इस स्वागत भाषण में उन्होंने एक दिलचस्प आंकड़ा प्रस्तुत किया, जिसके अनुसार वर्ष 2016 से नंदनी खदान में शून्य दुर्घटना कायम है, जो यहां की सुरक्षा नीतियों के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता है। सहायक महाप्रबंधक डी एन रस्तोगी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा टी आर साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में, पी बाबू, बी आर सोनी, अशोक दास, राजेश कुमार साहू तथा आनंद कुमार सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# प्रिज्म संस्थान की कार्यशाला में एक्शन रिसर्च की जानकारी दी

**उतई, 26 नवंबर।** दिनाँक 25/11/2023 को प्रिज्म स्कूल ऑफ एजुकेशन के तत्वाधान में स्टूडेंट फैकल्टी डिवेलपमेंट के तहत एक्शन रिसर्च की कार्यशाला का आयोजन किया गयाद्य जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में *डाइट दुर्ग की प्रिंसिपल डॉ सिसिरकोणा भट्टाचार्य तथा मुख्य अतिथि लीलस पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमति अर्चना मिश्रा मैडम उपस्थित थी यह कार्यक्रम प्रिज्म स्कूल ऑफ एजुकेशन और लीलास पब्लिक स्कूल के ज्वाइंट कॉलेबोरेशन के तहत आयोजित किया गया द्य इस प्रोग्राम हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन शंकराचार्य महाविधालय, मैत्री कॉलेज , छ्ङ्क मॉडल कॉलेज और अन्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया साथ ही विभिन्न स्कूल और कॉलेज के शिक्षकों ने भी अपना रजिस्ट्रेशन कराया द्य कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत और अथितियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर, की गई । तत्पश्चा प्राचार्य डॉ अंजना शरद ने अपने सम्बोधन में बताया कि कट लेविन ने इस एक्शन रिसर्च को दिया था, और तात्कालिक समाधान को एक्शन रिसर्च कहते हैं, पुनः संस्था की डायरेक्ट ख्याती साहू मैडम ने बताया कि एक्शन रिसर्च क्लॉस रूम टीचिंग के लिए बहुत आवश्यक है, श्रीमति अर्चना मिश्रा मैडम ने अपने सम्बोधन में बताया कि आदर्श शिक्षक ही नही मिडियोकर शिक्षक भी अपने फील्ड में अच्छा कर सकता है साथ ही उन्होने प्रिज्म संस्था का धन्यवाद किया द्य पुनः भट्टाचार्य मैडम ने एक्शन रिसर्च को प्रभावी शाली बनाते हुए प्रश्न उत्तर, और विभिन्न उदाहरण के माध्यम से एक्शन रिसर्च को स्टेप बाई स्टेप बताया द्य सभी प्रतिभागियो ने सक्रिय रूप से इस कार्यशाला का लाभ उठाया द्य लंच ब्रैक के पश्चात् अंत में प्रतिभागिओ को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए द्य आईयूएसी कोऑर्डिनेटर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

## गंदगी फैलाने और पॉलीथिन के उपयोग पर वसूला जुर्माना

**दुर्ग,26 नवंबर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गंदगी फैलाने वालों एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध के बावजूद उपयोग परदुकानदारों से निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में नया बस स्टैंड पर छापामार कार्रवाई की जाकर संबंधितों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई। जिसके तहत शनिवार को 3000 रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया।स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वच्छता टीम ने जोन क्रमांक 1 नया बस स्टैंड एवम जोन क्रमांक 2 इंदिरा मार्केट अंतर्गत वार्ड 46 एवं 45 बोरसी जॉन क्रमांक 3 के अंतर्गत सिकोला भाठा धमधा रोड मार्केट के अलावा अन्य स्थानों पर गंदगी फैलाने एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माना की कार्रवाही की गई। इस मौके पर स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती, राजू सिंह, मनोहर शिंदे आदि मौजूद रहें। इसके अतिरिक्त नगर निगम ने शहर में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाही शुरू कर दी है। इस दौरान कचरा फैलाने वाले 6 दुकानदारों से 3000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। साथ ही पुनः कचरा फैलाए जाने पर दोगुना दंड वसूलने की चेतावनी दी गई। नगर निगम टीम सुबह जांच के लिए पहुंचे। शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम विशेष कदम उठा रहा है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिससे शहर की स्वच्छ छवि बने और सुंदर स्वच्छ दिखे। बता दे कि नगर निगम द्वारा लगातार शहर में गंदगी फैलाने वालों ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर नजर रखी हुई है।कार्रवाही के मौके पर टीम ने कहा दुकान के भीतर प्रतिबंधित प्लास्टिक पाये ।

# लूट व मारपीट का एक ओरापी गिरफ्तारी



भिलाई, 26 नवंबर। भिलाई दो महीने पहले हरनाबांधा मुक्तिधाम के पास एक युवक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपितों में से एक को अब जाकर गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से आरोपित फरार था और रायगढ़ में छिपा था। आरोपित के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम रायगढ़ रवाना हुई और उसे गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और लूट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि केलाबाड़ी दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता निकहत परवीन ने एक सितंबर को दुर्ग सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत की थी कि उसके भाई नईम खान के साथ हरनाबांधा मुक्तिधाम के पास मारपीट व लूटपाट की घटना हुई है। आरोपित शाहरुख खान, राहुल लारोकर और बाबा राजपूत उर्फ कोढ़ी ने उससे गाली-गलौज कर राड से पीटा था और उसके पास से पर्स व मोबाइल लूट लिया था घटना में शामिल आरोपित राहुल लारोकर और बाबा राजपूत उर्फ कोढ़ी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था तीसरा आरोपित शाहरुख खान फरार था पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित रायगढ़ में छिपा हुआ था और वहीं पर रहकर काम कर रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम को रायगढ़ रवाना की गई और आरोपित को वहां से गिरफ्तार किया गया है आरोपित शाहरुख खान ( 28 ) निवासी गंजपारा दुर्ग के खिलाफ लूट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है

# फास्टकोर्ट ने पास्को एवं बलात्कार मामले में 20 साल की सजा एवं 9 हजार के जुर्माने से किया दंडित

**गरियाबंद,26 नवंबर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट कोर्ट (पास्को एवं बलात्कार मामला) के विशेष न्यायाधीश पीठासीन न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा आज आरक्षी केन्द्र शोभा के आरोपी पंचु राम नेताम, उम्र 22 वर्ष, ग्राम धोबनडीह, थाना शोभा, को धारा 6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये का अर्थदंड, धारा 363, भा.दं.संहिता में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 1,000 रुपये का अर्थदंड, धारा 366 भा0दं0 संहिता में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये का अर्थदंड एवं धारा 506 भाग 2 भा0दं0 संहिता के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया है। जनक राम साहू, अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला-गरियाबंद द्वारा बतलाया गया।पीड़िता ने थाना शोभा में आरोपी के विरूद्ध लिखित सूचना दिया था, कि उसके घर में जब उसके माता पिता नही रहते थे तब आरोपी उनके घर में आकर प्यार भरी बाते करता था उनके मना करने पर मारने पीटने की धमकी देता था जिसके डर के कारण वह अपने माता पिता नही बतायी थी आरोपी रात्रि में उसे प्यार के जाल में फंसाकर शादी के प्रलोभन देकर गांव के जंगल में ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है उसके बाद सप्ताह पन्द्रह दिन में उसे फोन कर गांव के बाहर जंगल में बुलाकर उसके साथ लगातार बलात्कार करता रहा। उसे शादी करेंगे कहकर आरोपी बोला तब वह मना की थी तब आरोपी उसे मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसे पकड़कर जंगल तरफ ले गया जहाँ जबरदस्ती बलात्कार किया हैं। उसके बाद घर आकर घटना के बारे में अपने मॉ पिता जी को बतायी तब थाना शोभा में जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस द्वारा उपरोक्त प्रकरण की विवेचना पश्चात माननीय न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय (पाक्सो एवं बलात्कार मामले) गरियाबंद में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय गरियाबंद यशवं वासनीकर के न्यायालय में ट्रायल प्रारंभ हुई अभियोजन द्वारा उक्त प्रकरण में कुल साक्षियों का कथन कराया गया हैं प्रकरण में आये साक्ष्य के आधार पर आरोपी विरूद्ध दोषसिद्ध पाते हुये धारा 6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास प 5,000 रुपये का अर्थदंड धारा 363 भा.दं. संहिता में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 1,00 रुपये का अर्थदंड, धारा 366 भा0दं0 संहिता में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,0 रुपये का अर्थदंड एवं धारा 506 भाग 2 भा0दं0 संहिता के अपराध में 1 वर्ष का सम कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया है। तथा मानन न्यायालय द्वारा पीड़िता को प्रतिकर स्वरूप 4 लाख (चार लाख रूपये)प्रदाय किये जाने बाबत् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेशित किया गया है उपरोक्त प्रकरण की पैरवी जनक राम साहू, अतिरिक्त अभियोजक जिला गरियाबंद द्वारा की गई है।

## संविधान दिवस पर शांत्रीबाई कॉलेज में प्रस्तावना का पठन

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि हमारा देश आजादी के 70 वर्ष बाद लोकतांत्रिक बना हुआ है। दुनिया के दर्जनों देशों में लोकतंत्र को मानते रहे हैं। राजनीति विज्ञान सहायक प्राध्यापक गायत्री चंद्राकर ने संविधान के लेखन इस्तेमाल महत्व पर बताया कि हमारा संविधान प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का दर्जा देता है।

कानून संविधान का अनुपालन हमारे तमाम राजनैतिक दल वैचारिक मतभेद के बावजूद करते हैं। यह संविधान की श्रेष्ठता को साबित करता है।

कार्यकम में छात्र-छात्राओं व शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया। कार्यकम के अंत में राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, किशोर कठार, दिव्या चंद्राकर, लुकेश साहू, हीना चंद्राकर, शत्रुधन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमन सिन्हा, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हीना चंद्राकर व घनश्याम साहू ने दी है।

# मतगणना के लिए कई जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 26 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना कार्य में लगे राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं कबीरधाम जिले के सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर एवं अन्य अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से आए अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि मतगणना कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने मतगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग से आए अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स से अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा अपनी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान करें।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से आए एनएलएमटी श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्री रूपेश कुमार वर्मा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रश्मि वर्मा, एसएलएमटी श्री अखिलेश आहूजा ने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार सभी आवश्यक तैयारी, आधारभूत संरचना एवं सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग, ईव्हीएम के परिवहन तथा फार्म 17 सी ले जाने एवं इसके फार्म 20 में प्रविष्टि हेतु जिम्मेदार स्टॉफ तथा रनर की ड्यूटी लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था तथा आपात स्थिति में विकल्प के रूप में रिजर्व गणना स्टॉफ की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगे होने चाहिए, ताकि इस दौरान मतगणना की प्रक्रिया की रिकार्डिंग हो सके, लेकिन इसके साथ ही इस बात का ध्यान रखने कि जरूरत है कि मतदान की गोपनीयता भंग न हो। उन्होंने बताया कि पहले राऊंड के परिणाम के घोषणा के बाद ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में वापस रखने के पश्चात ही रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति से दूसरे राऊंड के मतगणना की अनुमति दी जाएगी।



## विधायक प्रत्याशी-अशवंत तुषार साहू ने लोहिया चौक मे किया स्वागत

**महासमुंद, 26 नवंबर।** गुरुनानक जयंती पर सिख समाज ने पंच प्यारे की अगुवाई में निकाली शोभायात्राजिसमे विधायक प्रत्याशी-अशवंत तुषार साहू ने लोहिया चौक मे किया स्वागत~ सिखों के प्रथम गुरु नानक देव की जयंती पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर में स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे में सुबह संकीर्तन, अरदास और गुरबाणी के बाद लंगर का आयोजन किया गया। शाम बाद सिख समाज द्वारा स्टेशन रोड से शुरू कर शोभायात्रा शहर में निकाली गई।

# हत्या के 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चारो आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 26 नवंबर। 22 नवंबर को सूचना मिला की पारींनाला इण्डियन पब्लिक स्कूल, सुरेश राईस मिल के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 50-55 वर्ष का शव पडा है कि सूचना पर मौका पहुंचकर प्रार्थी रंजन दास साहू पिता इतवारी दास साहू उम्र 48 साल सकिन पारींकला थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव की रिपोर्ट पर मौके पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पंचनामा कार्यवाही के दौरान परिजन श्रीमती दीपा गुरू पति दीपंकर गुरू द्वारा मृतक के शव को देखकर अपने अपन बड़े भाई सुरेश कुमार जोशी पिता स्व0 मदन लाल जोशी उम्र 52 साल साकिन अरिहंत टावर मानव मंदिर चैक के पास राजनांदगांव के रूप में पहचान किया गया। नंबरी मर्ग क्र0 83/23 धारा 174 जा0फौ0 कायम कर शव का पीएम कराया गया।

मर्ग जांच के दौरान दिनांक 24.11.2023 को ज्ञानचंद बाफना अरिहंत टॉवर राजनांदगांव द्वारा मर्ग से संबंधित शिकायत किया कि आटो चालक अफजल खान के माध्यम से एक टाइपशुदा और एक हाथ में लिखा पन्ना मिला है, जिसमे टाइपशुदा पन्ने को पढने पर जेल भेजने का डर दिखाकर उद्दापन करने की नियत से लिखा प्रतीत हुआ। आटो चालक अफजल खान से पुछने पर बताया कि मुझे नितेश और उसके साथी ने लिफाफा देकर ज्ञानचंद बाफना के पास छोडने बोला था, नितेश ने पूछताछ मे बताया कि उसे प्रेमेन्द्र निर्मलकर गुरूनानक चैक में मिला और बोला की एक बड़ा पार्टी हाथ लगा थोडा रिस्क वाला काम है, साथ देगा तो तुझे भी हिस्सा मिलेगा। जिस पर मै उतावला होकर पुरी बात पुछा तो प्रेमेन्द्र ने बताया की प्रकाश गोलछा प्लान बनाया है कि ज्ञानचंद बाफना को फंसाना है। इसी प्लान के तहत दिनांक 21.11.2023 के दोपहर को ज्ञानचंद बाफना के नौकर सुरेश कुमार जोशी को मै एवं मनीष खुटेल, दयाराम साहू, एवं प्रकाश गोलछा मिलकर थम्सअप में जहर मिलाकर पिलाकर मार दिये है। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के मार्ग दर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में घटना में संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी हेतू तत्काल थाना स्टॉफ एवं सायबर सेल राजनांदगांव के सयुक्त रूप से टीम गठित कर आरोपी 1. दयाराम साहू पिता खेदू साहू उम्र 36 साल साकिन छछानपहरी थाना अंबागढ चैकी जिला मोहला मानपुर अं0 चैकी 2. मनीष खुटेल पिता रूपनाथ खुटेल उम्र 21 साल साकिन महरूम थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव 3. नितेश सेन पिता मदन सेन उम्र 27 साल साकिन बैलापसरा गणेश मंदिर के पीछे वार्ड नं0 15 राजनांदगांव 4. प्रेमेन्द्र निर्मलकर पिता तिलक राम निर्मलकर उम्र 37 साल साकिन रानीतराई रोड थाना देवरी जिला बालोद छ0ग0 को घेराबंदी कर पकडे पूछताछ पर उपरोक्त आरोपियो द्वारा प्रकाश गोलछा के कहने पर पैसे के लालच में आकर प्रकाश गोलछा के साथ मिलकर सुरेश कुमार जोशी पिता स्व0 मदन लाल जोशी उम्र 52 साल साकिन अरिहंत टावर मानव मंदिर चैक के पास राजनांदगांव को प्रकाश गोलछा के फार्म हाउस में थम्सअप में जहर मिलाकर उसे पिलाकर मारकर उसके शव को कार से पारींनाला के पास इण्डियन पब्लिक स्कूल, सुरेश राईस मिल के पास ले जाकर फेंकना एवं उसके गमछा और जूता को रानी सागर तालाब में फेक देना बताये। आरोपीगणों के कब्जे से पेश करने पर थम्सअप, का बोतल, पायजन का शीशी, डिस्पोजल गिलास, रस्सी, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया गया। कि आरोपियों के खिलाफ अप0क्र0 879/23 धारा 302, 201, 120 बी भादवि0 कायम कर विवेचना मे लिया गया। चारों आरोपियो के विरूद्ध प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आज दिनांक 25.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपियो का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

गिरफ्तार आरोपी नितेश सेन पिता मदन सेन आदतन आरोपी है, जिसके विरूद्व पूर्व में थाना कोतवाली में अप0क्र0 231/17 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट, अप0क्र0 466/19 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि0 कायम कर चालान किया गया है, तथा धारा 151/107, 116 (3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा के विरूद्व पूर्व में थाना कोतवाली में अप0क्र0 171/2010 धारा 120 बी, 406, 467, 468, 471, भादवि0 एवं अप0क्र0 155/2022 धारा 3, 4 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 दर्ज कर चालान किया गया है। जो घटना के बाद फरार हो गया है, जिसकी सरगर्मी से पतासाजी कर शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, उप निरी0 रतन सिंह नेताम, सउनि0 दरबारी तारम, प्र0आर0 जी0 सरिल, संदीप चैहान, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा, अनिवाश झा, प्रख्यात जैन प्रदीप जायसवाल, रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चैरसिया, चतुर दास भुवनेश्वर जायसी, बेनूराम नेताम तथा जिला सायबर सेल राजनांदगांव टीम के सउनि0 द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, सुमन कर्ष, प्र0आर0 बसंत राव, अनित शुक्ला, आरक्षक मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, दीपक जाटवर, हरिश ठाकुर, परिवेश वर्मा, आदित्य ठाकुर, हेमंत साहू, मनोज खुंटे, अमित सोनी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर

### कांगेर वैली एकेडमी के एडवेंचर कैंप ने बच्चों ने लिया उत्साह से हिस्सा

रायपुर 26 नवंबर। शहर के डे बोर्डिंग स्कूल कांगेर वैली अकादमी में इस सप्ताह विभिन्न शैक्षणिक,खेल और साहसिक गतिविधियों का आयोजन हुआ 7 दीपावली के बाद ही 15 नवम्बर से एडवेंचर कैम्प रखा गया था 7 यह कैम्प प्रति वर्ष विद्यालय में आयोजित होता है जिसमें स्कूल के कक्षा तीसरी से बारहवीं के बच्चों ने भाग लेते हैं । न्यू होराईज़ोन दिल्ली की टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से साहसिक गतिविधियों का परिचय और प्रशिक्षण दिया गया । 9 नवम्बर रविवार को यह कैम्प रायपुर के सभी पालक और बच्चों के लिए भी खुला था । जहाँ सौ से अधिक बच्चे और उनके अभिभावकों ने अनेक गतिविधि जैसे , रेपीलिंग , टेरोलिंग ट्रेवर्श , फ़्लयिंग़ फ़ॉक्स , फ़्री फ़ॉल, स्लेकलाइन ,जुमारिंग ,जोरबिंग बोल ,वर्तिकल नेट, हाईरोप चेलेंज , डिस्प्ले टेण्ट , टीम बिल्डिंग अभ्यास, कमाण्डो चेलेंज का आनंद लिया। इस कैम्प में आकर्षण का केन्द्र स्कूल परिसर में लगे टेण्ट थे जहाँ दिन भर एक्टिविटी करके बच्चे रात वही रुके थे। इस तरह का अनुभव केवल उत्तराखंड हिमाचल जैसे पहाड़ी इलाक़ों में जाकर ही लिया जा सकता है। लेकिन विद्यालय परिसर का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए अनुकूल रहता है । जिसका मज़ा यहाँ के बच्चे खूब लेते हैं ।

### आदिवासियों को उनकी जमीन से उजाड़ना मानवता के खिलाफ अपराध:राज्यपाल

**रायपुर 26 नवंबर।** भुवनेश्वर के जयदेव भवन में गत दिवस आयोजित मिट्टी, मां और मानवाधिकार विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में राज्यपाल ने कहा कि आदिवासियों को अपना अधिकार और मानवाधिकार को जानना चाहिए। वे आज भी कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। उनके अधिकारों को कम नहीं आंका जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि कमजोर, पीड़ित, उत्पीड़ित वर्ग के लोग भी अपने मानवाधिकारों से वंचित हैं। प्रत्येक व्यक्ति का मानवाधिकार होता है। यह हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि वे कमजोर लोगों को उनके मानवाधिकारों का एहसास कराने के लिए लड़ने में मदद करें। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। हर जागरूक युवा, नागरिक को मां, माटी और मानवाधिकार की रक्षा के लिए आवाज उठानी चाहिए। इसके लिए संविधान के प्रावधानों को लागू किया जाना चाहिए। पृथ्वी पर तेजी से बढ़ रहे विभिन्न प्रकार के प्रदूषण पर श्री हरिचंदन ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अगर हम अभी से प्रदूषण को नहीं रोकेंगे तो यह महामारी का रूप ले लेगा। राजधानी दिल्ली में हाल ही में प्रदूषण के कारण लोगों को हुई पीड़ा का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदूषण से बचने तथा देश और राज्य की रक्षा के लिए हर व्यक्ति अभी से जागरूक हो जाए। कार्यशाला में उड़ीसा राज्य पुलिस के अधिकारियों सहित विश्व मानवाधिकार संरक्षण संगठन के अध्यक्ष एवं अन्य अतिथि शामिल हुए और मानव सुरक्षा पर अपने विचार रखे। विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आये संगठन के सभी सदस्य एवं अन्य राज्यों के प्रमुख लोग भी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने डायलिसिस यूनिट में 3 बेड शीघ्र उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 26 नवम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में मेडिकल आफिसर और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहिने उपस्थित थी। कलेक्टर श्री सिंह ने मेडिकल कॉलेज के मेन्टेनेंस, साफ-सफाई, भवन के रंगरोगन, पेयजल, ग्लोसाईन बोर्ड, पार्किंग व्यवस्था, कैंटीन, रैनबसेरा सहित अन्य मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। इसके लिए विशेष रूप से ध्यान देकर कार्य करने की जरूरत है। जनसामान्य को सरलता से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी अधिकारी एवं स्टाफ ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय तक परिवहन सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के बाउण्ड्री वाल के समीप अतिक्रमण को कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण भी किया। वर्तमान में डायलिसिस सेंटर में 3 बेड की सुविधा चल रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने मरीजों की सुविधा के लिए डायलिसिस सेंटर में 3 बेड शीघ्र बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों के लिए 6 डायलिसिस बेड की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज डीन ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए एमआरआई टेस्ट के लिए निजी संस्था के साथ अनुबंध किया गया है।

## यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई जारी



**राजनांदगांव 26 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग करें जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर आने जाने वालों वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है जिस पर थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट धारा 185 के तहत 01 प्रकरण, तीन सवारी के 07 प्रकरण, थाना छुरिया पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 02 प्रकरणों में 02 व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा तीन सवारी के 06 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 01 प्रकरण, बिना लायसेंस/मौके पर कागजात पेश न करने के 03 प्रकरण, तीन सवारी के 01 प्रकरण, यातायात पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के 07 प्रकरण, बिना लायसेंस/मौके पर कागजात पेश न करने के 09 प्रकरण, तीन सवारी के 16 प्रकरण कुल 71 प्रकरणों में 71 वाहन चालकों से 22000/-रूपये समन शुल्क वसूल कर यातायात नियमों का पालने करने हेतु समझाईस दी गई। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालों के विरूद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## तालाब नहाने गई महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी भेजा गया जेल



राजनांदगांव 26 नवंबर। 23 नवंबर को ग्राम भरेगांव निवासी महिला द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में आरोपी यशवंत साहू पिता स्वर्गीय पकलू साहू के विरुद्ध लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 19.11 2023 के दिन 11:00 बजे यह गांव के बंधिया तालाब में नहाने गई थी तभी अकेले देखकर आरोपी यशवंत साहू ने पीड़िता को बेइज्जत करने की नीयत से छेड़छाड़ किया है ! की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ! मामला महिला से संबंधित होने एवं गंभीर होने से तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग (आईपीएस) के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम लाल ध्रुव के नेतृत्व चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा आरोपी यशवंत साहू की सरगर्मी से पता तलाश कर आज दिनांक 25.11.2023 को आरोपी यशवंत साहू ग्राम चांदो थाना डोंगरगांव क्षेत्र में अपनी बहन के घर होने की सूचना मिलने पर आरोपी को दबिश देकर पकड़ा गया, पूछताछ पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जुडिशल डिमांड पर जेल दाखिल किया गया है ! उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक पुरुषोत्तम लाल ध्रुव, प्र.आर. 726 शिशुपाल भालाधरे एवं आर. 19 रूपेंद्र साहू की भूमिका सराहनी रहा।

## लक्ष्य और दृढ़ संकल्प से सफलता जरूर मिलती है:डॉ.गिरीश चंदेल

**रायपुर 26 नवम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कृषि महाविद्यालय रायपुर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर और खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि जब लक्ष्य बनाकर दृढ़ संकल्प लेकर कार्य किया जाता है तब सफलता अवश्य मिलती है। उन्होने बताया कि विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि में नये-नये आयाम साकार हुए हैं, जिसका लाभ किसानों बुद्धिजीवियों और जनमानस तक पहुंचा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए.के. दवे उपस्थित थे। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित विद्यार्थियों को उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक, सांस्कृति एवं खेल-कूद अधिकारियों ने विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय एम.आई.एस. प्रभारी डॉ. आर.आर. सक्सेना ने विद्यार्थियों को ऑनलाईन शैक्षणिक शुल्क जमा करने, रशीद निकालने, परीक्षा प्रवेश पत्र निकालने की प्रक्रिया के बारे में बताया। नेहरू पुस्तकालय के पुस्तकालाध्यक्ष डॉ. माधव पण्डेय ने पुस्तकालय में निहित सुविधाओं एवं ई. पाठशाला एप के माध्यम से अध्ययन करने के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु पुस्तकालय प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक खुला रहता है।

## तुलसी विवाह कराकर मनाया देवउठनी का पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंवरी 26 नवंबर।** अंवरी में हर्षोल्लास के साथ देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही पर्व का उत्साह लोगो मे देखते ही बन रहा था।सभी वर्ग पूजन से जुड़े सामग्रियों गन्ना, फल ,प्रसाद,फटाखे आदि खरीदने में व्यस्त रहे।पर्व से जुड़ी मान्यताओं पर गौर करें तो प्रतिवर्ष दीपावली के पश्चात देवउठनी पर्व मनाया जाता है,जिसे तुलसी विवाह के नाम से जाना जाता है।वेद-पुराणों के अनुसार मान्यता है कि दीपो के पर्व दीपावली के बाद पड़ने वाली एकादशी पर देव उठ जाते हैं। यही वजह है कि देवउठनी ग्यारस के बाद से सारे शुभ कार्य जैसे विवाह आदि मांगलिक शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।ग्यारस के दिन ही तुलसी विवाह होता है। घरों में चावल के आटे से चौक बनाया जाता है। गन्ने के मंडप के बीच विष्णु भगवान की पूजा की जाती है।देवउठनी ग्यारस को छोटी दिवाली के रूप में भी मनाया जाता है। देवउठनी या देव प्रबोधिनि ग्यारस के दिन से मंगल आयोजनों के रुके हुए रथ को पुनः गति मिल जाती है।कार्तिक शुक्ल एकादशी का यह दिन तुलसी विवाह के रूप में भी मनाया जाता है और इस दिन पूजन के साथ ही यह कामना की जाती है कि घर में आने वाले मंगल कार्य निर्विघ्न संपन्न हों। तुलसी का पौधा चूंकि पर्यावरण तथा प्रकृति का भी द्योतक है। अतः इस दिन यह संदेश भी दिया जाता है कि औषधीय पौधे तुलसी की तरह सभी में हरियाली एवं स्वास्थ्य के प्रति सजगता का प्रसार हो। इस दिन तुलसी के पौधों का दान भी किया जाता है। चार महीनों के शयन के पश्चात जागे भगवान विष्णु इस अवसर पर शुभ कार्यों के पुनः आरंभ की आज्ञा दे देते हैं।भारतीय पंचांग के अनुसार एकादशी की तिथि का महत्व यूं भी बहुत है ।अतः इस दिन को विशेष पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाता है। इस दिन से विवाह के अतिरिक्त उपनयन, गृह प्रवेश आदि अनेक मंगल कार्यों को संपन्न करने की शुरुआत कर दी जाती है।इस दिन पूजन के साथ व्रत रखने को भी बड़ा महत्व दिया जाता है। महिलाएं इस दिन आंगन में गेरू तथा खड़ी से मांडणे सजाती हैं और तुलसी विवाह के साथ ही गीत एवं भजन आदि के साथ सभी उत्सव मनाते हैं। इस प्रकार इस पर्व को लेकर काफी उत्साह रहता है और सभी अपने परिवार के साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ यह पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाते है।

यह पर्व पर लोगों ने आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाकर कला कौशल का प्रदर्शन किया साथ ही आँगन को भी सजाया गया। रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। शुभ मौके पर घर के द्वार में रंगोली सजाना हमारी भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और हमें हमारे वास्तविक रीति-रिवाजों से बांधे रखती है। आदि काल से चली आ रही इस परंपरा का वजूद कायम है। पहले विभिन्न रंगों से घर-आंगन में रंगोली सजाई जाती थी, लेकिन वर्तमान में आधुनिक चकाचौंध में परम्परागत रंगोली की कद्र घटती जा रही है। लोग आजकल रेडिमेड रंगोली लाकर घरों को सजा रहे है। रंगोली के बिना यह पर्व अधूरी है।

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी मतगणना:कलेक्टर

**राजनांदगांव 26 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। कलेक्टर श्री सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ताओं को स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन स्ट्रांग रूम के गेट नंबर 1 से आने-जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे और 2-2 टेबल डाक मतपत्र के लिए लगाया जाएगा। इस तरह प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए 16-16 टेबल लगाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से एक-एक प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से हाल, स्ट्रांग रूम, परिसर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को गणना स्थल पर मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से गोपनीयता बनाये रखने की शपथ के साथ प्रेक्षक एवं रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर मतगणना प्रारंभ की जाएगी। इससे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रियाओं एवं उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु किए जाने वाले व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतगणना प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने एवं ईव्हीएम तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए गये उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए गणना अभिकर्ताओं को जारी पास के साथ परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किए जाने हेतु स्ट्रांग रूम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों तथा उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग रास्ता बनाया गया है। प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए 16 गणना अभिकर्ता की नियुक्ति की जा सकती है। चाय-नाश्ता के वितरण हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी अधिकतम 2 व्यक्ति प्रति विधानसभा की नियुक्ति हेतु रिटर्निंग अधिकारी से पास जारी करवा सकते हैं। उन्होंने अभ्यथियों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को मतगणना के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंचने को कहा। कलेक्टर ने मतगणना हाल में प्रवेश हेतु अधिकृत व्यक्तियों की जानकारी हेतु एवं गणना अभिकर्ताओं की अधिकतम संख्या तथा उनके योग्यता के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि गणना अभिकर्ता नियुक्ति के संबंध में फार्म18 में नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र 30 नवम्बर 2023 तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने फार्म 18 के साथ में संबंधित व्यक्तियों को दो-दो फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि गणना अभिकर्ताओं को केवल अपने विधानसभा क्षेत्र के गणना कक्ष में ही प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा उन्हें केवल उनके लिए निर्धारित टेबल में ही बैठने की अनुमति होगी। मतगणना के दौरान प्लास्टिक एवं पॉलिथिन पैकेट में खाद्य सामग्री एवं नशे से संबंधित बैग आदि पूर्णतः वर्जित होगा। प्रजेन्टेशन के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना प्रक्रिया एवं स्थल की सभी व्यवस्थाओं के संबंध में अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती इंदिरा देवहारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगढ़ श्री गिरीश रामटेके, रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव श्री अश्वन कुमार, अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ता उपस्थित थे।

### शहर कांग्रेस ने किया मानव मंदिर चौक पर गुरु ग्रंथ साहेब की शोभायात्रा का स्वागत

## पंज प्यारों की अगुवाई में निकली गुरुनानक देव की शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 26 नवंबर।** सिख समाज के प्रथम गुरू गुरूनानक जी के प्रकाश पर्व पर शनिवार को सिख समाज द्वारा शहर में पंज प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरुद्वारा परिसर से निकली शोभायात्रा मानव मंदिर चौक पहुंची, जहां पर खनिज विकास निगम के अध्यक्ष व राजनांदगांव विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा आतिशबाजी व फुलमालाओं से शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने सिख समाज के प्रथम गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने जीवन भर मानवता और ईश्वर की प्रार्थना का संदेश दिया था। गुरूनानकदेव के रूप में धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था जिनके सत्य, प्रेम सदभावना, भाईचारे के सिद्धांत व संदेश आज मानव समाज के लिए मार्गदर्शक है।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक जयंती का प्रकाश पर्व मनाया जाता है। गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था, इस पर्व को प्रकाश गुरु पूरब या प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता हैं। गुरु नानक साहिब सिख धर्म के पहले गुरु कहलाते है।

शोभायात्रा के स्वागत के अवसर पर प्रमुख रूप से अत्यावसायी विकास वित्त निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, आफताब आलम, थानेश्वर पाटिला, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, पदम कोठारी, मोती साहू, पंकज बाधव, अब्दुल कलाम, ज्ञानचंद बाफना, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, राजू खान, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, नासिर जिंदरान, अमित चंद्रवंशी, झम्मन देवांगन, राजीव कुरियाकोस, दिनेश शर्मा, रमेश राठौर, रूबी गरचा, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, अशोक फडनवीस, रिखी यादव, रौशनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, भोजराज भेलावे, एल्डरमैन मामराज अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, पार्षद भागचंद साहू, विनय झा, सुनीता फडनवीस, मनीष साहू, पूर्णिमा नागदेवे, अजय छेदैया, इंशाक खान, अवधेष प्रजापति, शमसुद्दीन सैफी, मनीष गौतम, नारायण सोनी, मुस्तफा जोया, रीना पटेल, गेमू कुंजाम, संजय साहू, संगीता साहू, शैलेष ठावरे, राजेश चौहान, शैलेष रामटेके, विशु अजमानी, सुरेन्द्र देवांगन, राजकुमार जायसवाल, मदन साहू, बिरेन्द्र उके, यशवंत पवार, राहुल केमे सहित शोभायात्रा में सिख समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा व बच्चे व कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल थे।

## एक नजर

### सर्व समाज की समीक्षा बैठक में ज्वलन्त मुद्दों पर हुई चर्चा

**कांकेर।** कंकालिन मंदिर प्रांगण में सर्व समाज द्वारा आयोजित समिक्षा बैठक सम्पन्न हुई, कांकेर सहित अंचल के सभी समाज के समाजिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। पदाधिकारियों ने चर्चा में बताया कि वर्तमान में इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर के प्रभारी प्राचार्य को एक पत्रकार शाहरूख खान पिता अब्दुल सत्तार सुभाष वार्ड कांकेर के द्वारा जन सूचना अधिकार 2005 के आड़ मे उन्हें लगातार व्यक्तिगत एवं मोबाइल पर 20 लाख रुपये की मांग कर लगातार परेशान किया जिससे एक बड़ी घटना घटित हुआ।उक्त घटनाक्रम हेतु सर्व समाज, शा.शिक्षक संघ, शा.सेवक संघ, अ.जजा. सेवक संघ, पत्रकार संघ कांकेर, द्वारा जिला-प्रशासन को कथिक पत्रकार को गिरफ्तार कर कुल 09 बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा था। 13 दिनों के छानबीन के बाद अडरग्राण्उड ब्लैकमेलर कथिक पत्रकार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। किन्तु 09 अन्य बिन्दुओं पर कार्यवाही नही हुई है जिसके लिए बैठक में रणनीति तैयार कर सर्व समाज की समिति गठन किया गया है जो आगे की कार्यवाही एवं रणनीति तैयार करेंगे। इसी प्रकार कई अन्य ब्लैकमेलर व शोषण करने वाले आरटीआई एक्टीविटिस पर कड़ी कार्यवाही हेतु जिसके लिए 6 दिसम्बर को सर्व समाज द्वारा शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसी प्रकार की घटना पूर्व में पखांजूर मे स्व. राणा मेडल एवं स्व. कृष्णा इरघट कोरर कांकेर आरटीआई एक्टीविटिस बैकमेलिंग का शिकार हो चुके हैं उनकी पुनः जांच करवाया जायेगा। इस संबंध में एक दिवसीय घरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर सुमेर सिंह नाग संभागीय गोड़ समाज अध्यक्ष, रामकुमार देहारी संभागीय अध्यक्ष हल्बा समाज, प्रकाश दीवान अध्यक्ष हल्बा समाज, सुदामा यादव अध्यक्ष यादव समाज, चंद्रहास नेताम अध्यक्ष कण्डरा समाज, राम प्रसाद नेताम अध्यक्ष अ.ज.जा. शासकीय सेवक संघ, जीवन लाल नाग अध्यक्ष कर्मचारी हल्बा समाज, पंचु राम नायक सरपंच कोदागांव, परसू राम भोयर, राजकुमार नाग, रूपराम कृषान, विजय नाग, नरेन्द्र राणा, प्रकाश भण्डारी, उपेश्वर ठाकुर, गिरवर गुरुवर, तोमेश्वर गागड़ा सहित सर्व समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### विशेष सिकल सेल जांच सप्ताह 28 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक

**कांकेर, 26 नवम्बर ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के नेतृत्व में जिले के 0 से 40 आयु वर्ग के प्रत्येक व्यक्तियों के सिकल सेल जांच हेतु सभी विकासखण्ड में 28 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2023 तक विशेष सिकल सेल जांच सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष सिकल सेल जांच सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को पुरस्कृत भी किया जाएगा। डॉ. खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है, छत्तीसगढ़ के लगभग 10 प्रतिशत जनसंख्या में सिकल सेल के गुण और लगभग 02 से 03 लाख लोगों को सिकल सेल पाया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सिकल सेल एक अति महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है। इस स्वास्थ्य समस्या के समग्र निदान के लिए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन भारत सरकार के द्वारा आरंभ किया गया है, जिसका क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य में भी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 0 से 40 वर्ष तक के प्रत्येक व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग कर धनात्मक पाये गये मरीजों का निःशुल्क ईलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे रोगी पीड़ारहित जीवन जी सके। सिकल सेल रोगी एवं गुण वाले व्यक्ति को अनुवांशिक परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### पंज प्यारों की अगुवाई में निकली प्रकाश पर्व की शोभायात्रा

**कोरबा, 26 नवंबर ।** गुरू नानकदेव की जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को सिक्ख समुदाय के लोगों ने गुरूग्रंथ साहिब व गुरू नानक देव जी की शोभा यात्रा के साथ नगर कीर्तन रैली निकाली गई। जिसमें समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पर्व के अवसर पर शहर के गुरूद्वारों में इन दिनों अरदास व कीर्तन हो रहे।प्रकाश पर्व के अवसर निकाली गई शोभा यात्रा पुरानी बस्ती गुरूद्वारे से शुरू होकर पावरहाउस रोड व टीपी नगर होते हुए टीपी नगर गुरूद्वारे में संपन्न हुआ है। शोभा यात्रा के दौरान गुरूग्रंथ को फूलों से सुसर्ि'जत वाहन में रखा गया था। शोभा यात्रा के आगे पंजप्यारों की कतार चल रही थी। शोभा यात्रा में ग्रंथ साहिब को चंवर दिया जा रहा था। गुरूदेव के शोभायात्रा के दौरान मार्ग सिक्ख समुदाय के युवतियों द्वारा मार्ग में झाड़ू लगाते हुए फूलों की बारिश की जा रही थी। महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया जा रहा था। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शौर्य व विभिन्न कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया।शोभायात्रा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। नानक देव की शोभा यात्रा झांकी देखने लोगों की भीड़ रही। देर शाम तक जारी शोभा यात्रा में आतिशबाजी का भी दौर जारी रहा। चैक चैराहों में सिक्ख युवाओं ने शौर्य प्रदर्शन किया। सांप्रदायिक सौहार्द्रता के प्रतीक प्रकाश पर्व में सिक्ख समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया। शोभा यात्रा समापन के बाद टीपी नगर गुरूद्वारे पहुंच कर श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर सुख समृद्धि की प्रार्थना। प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों के रहवासी सिक्ख समुदाय के लोग पहुंचे थे।





# प्रभातफेरी के प्रति के लोगों में देखा जा रहा जबर्दस्त उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 26 नवंबर।** प्रकाश पर्व गुरुनानक जयंती के पूर्व निकलने वाली प्रभातफेरी के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।प्रभातफेरी के प्रति महिलाओं,बच्चों एवं पुरुषों का अंदाजा इस बात पर लगाया जा सकता है,कि वे इतने ठंड के इस मौसम में प्रतिदिन सुबह 4~30 बजे ही सिंधी पंचायत भवन के बाहर एकत्रित होने लगते हैं।प्रभातफेरी में प्रतिदिन से भजन कीर्तन मंजीरा के साथ प्रभात फेरी सिंधी समाज द्वारा निकाली जा रही हैं।नगर में समस्त स्वजातीय बंधुओं द्वारा नगर में रोशनी अपने-अपने भावनाओं से अपने निवास स्थान पर की है। सिंधी समाज के लोग प्रभातफेरी का अपने-अपने घरों के आसपास स्वागत सत्कार करते हैं।जिसमें महिलाओं-पुरुष,युवक एवं बच्चे संकीर्तन करते हुए शहर के प्रमुख नगर के गुरूद्वारा से प्रभातफेरी झुलेलाल चौक से होते हुए बंजरग चौक,बस स्टैंड,स्वर्ण जयंती चौक,होते हुये ठाकुर दिया चौक होते हुए नगर में प्रभातफेरी मार्गों एवं मोहल्ला का भ्रमण कर वापस सिंधी समाज के पंचायत भवन पहुंचकर आरती अरदास प्रसाद वितरण से समाप्त होती है।समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित,आरती,अरदास एवं जल छिड़क कर गुरुनानक देव से सुख-शांति की कामना करते हैं।सिंधी पंचायत के गुरुद्वारा में समापन होता है।जिसमें प्रमुख रूप से पूज्य सिंधी समाज के वरिष्ठजनों में नागदेव परिवार,सचदेव परिवार,कुकरेजा परिवार,मधवानी परिवार,सितलानी परिवार,मोरयानी परिवार,पंजवानी परिवार,थदानी परिवार,गुरुदत्ता परिवार सभी सिंधी समाज व सिक्ख समाज के लोग उपस्थित थे।

## जब जंगल सिंह को जंगल से लाकर कराया गया मतदान

### सम्मान समारोह में बीएलओ ने साझा किए अनुभव

**कांकेर, 26 नवम्बर ।** जिले के मतदान केन्द्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों का आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नरहरपुर विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक-165 पथर्रीनाला के बीएलओ श्री रमाकांत कश्यप ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मतदान वाले दिन गांव के एक बुजुर्ग मतदाता श्री जंगलसिंह काफी अनुनय-विनय के बाद भी वोट डालने को राजी नहीं हुए, यहां तक कि इससे बचने के लिए वे



जंगल की ओर भाग निकले। इस बात का पता उन्हें (बीएलओ को) चलने पर कुछ लोगों की मदद से उनकी पतासाजी कर उन्हें जंगल से मतदान केन्द्र लाया गया और वोट कराया गया। बीएलओ ने यह भी बताया कि जंगल सिंह जो 80 साल से भी अधिक आयु के हैं, ने अपने जीवन में पहली बार वोट किया। ज्ञात हो कि यहां 92.20 प्रतिशत मतदान पड़ा। इसके अलावा झुलनातेन्दु मतदान केन्द्र के बीएलओ श्री उत्तम नेताम ने बताया कि ग्राम पटेल और बुजुर्गों की रायशुमारी से गांव में एक-एक वोटर को मतदान केन्द्र तक लाने स्थानीय स्तर पर प्रयास किया। उक्त मतदान केन्द्र में पिछले चुनाव के मुकाबले 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रावस मतदान केन्द्र के बीएलओ श्री बसंत उईके ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदान केन्द्र दुधावा-2 के बीएलओ ने बताया कि उन्होंने गांव से बाहर निवासरत 15 मतदाताओं से सतत् सम्पर्क किया।

परिणामस्वरूप उनमें से 12 ने यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्र खमढोड़गी के बीएलओ श्री रामप्रसाद पोया ने बताया कि धान कटाई का समय था, लेकिन लगातार जागरूक करने के चलते गांव के अधिकांश मतदाताओं ने वोट डाला।

## दीपका क्षेत्रातंर्गत डीजल चोर चढे पुलिस के हत्थे

**कोरबा ।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि एस.ई.सी.एल. गेवरा प्रोजेक्ट के सुरक्षा उप निरीक्षक नंदलाल राय पिता सहदेव राय उम्र 58 वर्ष साकिन एमक्यू ×0 उर्जा नगर का थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि एस.ई.सी.एल. गेवरा खदान के बी-2 कोल स्टाक में लगे पीसी मशीन से लगभग ×50 लीटर डीजल चोरी कर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12बीडी 7191 के चालक द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दीपका मे अपराध क्रमांक 400-202× धारा ×79 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेन्द्र शुक्ला (भा0पु0से0), अति0 पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रौबिनसन गुडिया को प्रकरण के हालात से अवगत कराकर एंव दिशा निर्देश मार्गदर्शन प्राप्त कर हमराह स्टाफ एवं प्रार्थी एवं गवाह को लेकर बोलेरो क्रमांक सीजी 12बीडी 7191 को तलाश करते हुए आरोपी वाहन स्वामी अरविंद के सकुनत ग्राम कोरई थाना बाकीमोंगरा पहुंचे तब वाहन स्वामी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़े।

### नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाही,सरकारी जमीन से हटाया कब्जा,निर्माण को ढहाया

**दुर्ग,26 नवंबर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 15 के सिकोला भाठा बस्ती जैतखाम के पास श्रीमती लता टंडन पति छबिलाल टंडन द्वारा शासकीय भूमि आवाजाही गली क्षेत्र को बंद कर पक्का निर्माण कार्य किया गया था।उक्त संबंध में अनावेदक को निर्माण कार्य को बंद करने के लिए निगम द्वारा नोटिस दिया गया था।निगम द्वारा कार्य स्थगित करने हेतु पुनः अंतिम नोटिस प्रेषित की गई,परन्तु अतिक्रमणकर्ता के द्वारा आज दिनाँक तक निर्माण कार्य बंद नही किया गया एवं नोटिस का जवाब नही देने पर ओर दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर आज भवन अधिकारी गिरीश दीवान के नेतृत्व एवं नायाब तहसीलदार ज्योत्सना कलिहारी और मोहन नगर पुलिस बल की मौजूदगी में निगम अतिक्रमण टीम ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को तोड़कर कब्जा मुक्त कर बंद रास्ता को खुलवाया गया।कार्रवाही के मौके पर भवन निरीक्षक विनोद मांझी,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा अतिक्रमण टीम मौजूद रहे।सरकारी जमीन पर हुए कब्जे की शिकायत आयुक्त से कर रहे थे।उसके बाद आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर कार्रवाही की गई।नगर निगम की यह कार्रवाही 3 घण्टे से भी अधिक समय तक चली।मामलेसिकोला भाठा बस्ती जैतखाम के पास श्रीमती लता टंडन पति छबिलाल टंडन के कब्जे से सरकारी जमीन को मुक्त कराया गया।

## नरहरपुर, कांकेर और चारामा के बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया प्रशस्ति पत्र

**कांकेर, 26 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 80.67 प्रतिशत मतदान हुआ, जो ऐतिहासिक रहा। मतदाता सूची शुद्धिकरण से लेकर मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें वोट करने हेतु प्रेरित करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजरों का आज सम्मान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज कांकेर विधानसभा क्षेत्र के नरहरपुर, कांकेर तथा भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के चारामा विकासखण्ड में स्थित ऐसे मतदान केन्द्र जहां 90 प्रतिशत और उससे अधिक मतदान हुआ, के बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज अपराह्न 12 बजे से आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला ने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मान के वास्तविक हकदार आप सभी हैं जिन्होंने दिन-रात



मेहनत करके एक-एक मतदाता को मतदान केन्द्र आकर वोट करने हेतु प्रेरित करने में अभूतपूर्व और जीतोड़ मेहनत की। उन्होंने आगे कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ा है, उसमें सभी बीएलओ का व्यक्तिगत और अतुलनीय प्रयास रहा है। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करते हुए विधानसभा निर्वाचन की भांति आगामी लोकसभा निर्वाचन में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने की बात कही। इस अवसर पर बीएलओ ने मतदाताओं को जागरूक करने मैदानी स्तर पर किए गए प्रयासों और सफलता के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

जिले में सर्वाधिक मतदान महेशपुर में-बीएलओ सम्मान कार्यक्रम में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत के लिए महेशपुर केन्द्र को सम्मानित किया गया, जहां पर ऐतिहासिक 96.09 प्रतिशत वोट पड़ा। इसी तरह खमढोड़गी में 95.98, लुलेगोंदी में 92.95, दुधावा-2 में 92.14, पुसावंड में 92.09, रोड़े में 92.07, साल्हेभाट में 91.90 और कुसुमपानी में 91.89 प्रतिशत वोट पड़े, जो इस विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक है। इसी तरह नवागांव भावगीर में 2018 में मतदान का प्रतिशत 77.52 रहा, जो इस वर्ष 93.67 हो गया है। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के नरसिंगपुर, भानपुरी, साल्हेटोला, चारामा-08, हाराडुला-02, कंडेल आदि सर्वाधिक पोलिंग वाले बूथों के बीएलओ का सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले तारसगांव और कन्हारपुरी मतदान केन्द्र के सुपरवाईजरों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक कुमार मारबल तथा एसडीएम कांकेर और चारामा श्री मनीष साहू व श्री राकेश गोलछा ने भी सभी बीएलओ को संबोधित कर उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

# देव दिवाली पर 27 नवंबर को10 हजार दीपों से जगमग होगा हसदेव तट

**कोरबा, 26 नवंबर ।** मानवीय स यता के विकास में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रकृति व पर्यावरण में इसकी योगदान को दर्शाने व नदी की स्व'छता के लिए लोगों को जागरूक करने दिशा में हिंदू क्रांति सेना के तत्वावधान में कोरबा के सर्वमंगला मंदिर घाट पर देव दीपावली के उपलक्ष्य में हसदेव महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 27 नवंबर की शाम पांच बजे होने वाले इस आयोजन में बनारस के देव दीपावली की गंगा आरती की तर्ज पर हसदेव की आरती की जाएगी।

आयोजन की तैयारी में समिति के कार्यकर्ता पिछले एक महीने से लगे हुए हैं। आरती की तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। सर्वमंगला मंदिर घाट को बनारस की तर्ज पर सजाया जा रहा है। बनारस से पंडित भी इस आरती के लिए कोरबा आने वाले हैं। पूजा और हवन कोरबा के ब्राह्मणों द्वारा किया जाएगा। क्रांति सेना अध्यक्ष राहुल चैधरी ने बताया कि पिछले साल भी समिति ने सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव महाआरती का भव्य आयोजन किया था। इस साल की महाआरती उससे भी खास होगी। इस बार के हसदेव महाआरती में दर्री, बालको, कुसमुंडा, कटघोरा, पाली एवं उरगा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे कोरबा एवं आस पास के जिलों से भी श्रद्धालु सर्ि मलित होंगे । पिछले साल 20 हजार के आस-पास श्रद्धालु हसदेव महा आरती में शामिल हुए थे। राहुल चैधरी ने बताया कि हसदेव महा आरती को सफल बनाने के लिए 100 से अधिक कार्यकर्ता तैयारी में लगे हैं।

यह आयोजन लोगों को देव दीपावली के दिन दीपदान करने और आरती करने के विशेष महत्व को बताने क लिए किया जा रहा है। साथ ही नदियों की महत्ता बताने तथा उनके संरक्षण के प्रयास के लिए भी प्रेरित किया जाएगा । जिसमें ×0 हजार से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे। महाआरती 202× में मु य आकर्षण के केंद्र में 11000 दीप प्र'वलन, 2100 दीपदान, 51 लीटर दूध में दुधाभिषेक, 51 मीटर चुनरी भेंट, बनारस के पंडितों द्वारा महा आरती, भव्य आतिशबाजी, साउंड एवं साइट शो, लेजर लाइट शो, भजन संध्या, पुष्प वर्षा के अलावा झांकी व ब्राहमणों द्वारा शंखनाद भी किया जाएगा।

### रेत से भरे ट्रैक्टर छोड़ भागा चालक, हाथी ने धक्का देकर पलटने की कोशिश की

**कोरबा, 26 नवंबर ।** रेत के अवैध परिवहन पर नियंत्रण करने में जिला खनिज विभाग तो नाकाम है। अलबत्ता अब हाथियों को सामने आना पड़ रहा है। कुछ ऐसी ही घटना कटघोरा वन मंडल के ग्राम कोरबी में घटित हुई।अघोषित घाट से ट्रैक्टर में रेत भर आ रहे माफिया व वाहन चालक को उस समय वाहन छोड़ कर भागना पड़ा जब सामने लोनर हाथी आ गया। हाथी ने वाहन को धक्का देकर अनियंत्रित कर दिया। वाहन चालक दूर से खड़े होकर हाथी के भागने का इंतजार करते रहे। इस दौरान उसकी विडियो भी बना ली। जिसमें हाथी ट्रैक्टर की रेत भरी ट्राली को पीछे से धक्का मार रहा हैं।

### दलों में बंटे 88 हाथी धान की फसल को कर रहे चट

**कोरबा, 26 नवंबर ।** जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां के जंगलो में घूम रहे 88 हाथी अलग-अलग दलों में बंट कर लगातार खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों के धान फसल को चट करने के साथ रौंद रहे है। जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सप्ताह भर के भीतर हाथियों ने दोनों वन मंडल में 24 किसानों के 7 एकड फसल को नुकसान पहुंचाया है।

### गजराज बने यमराजः नहीं थम रहा जंगली हाथियों का आतंक, 1 ग्रामीण को रौंदा

बलरामपुर, 26 नवंबर । जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. जहां एक हाथी ने एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला. वहीं घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है.बता दें कि, जंगली हाथी ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में तबाही मचा रहे हैं. इसी बीच एक हाथी अपने दल से बिछड़ गया. जिसने एक ग्रामीण को कुचलकर मार दिया. ये घटना तब घटी जब ग्रामीण अपने खेत में धान की पहरेदारी कर रहा था.।

### भाजपा ने दुहराई बीजापुर कलेक्टर को मतगणना से पृथक रखने की मांग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा को मतगणना के कार्य से पृथक करने की अपनी मांग दुहराई है। भाजपा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को इस आशय का एक पत्र सौंपकर बीजापुर के कलेक्टर राजेंद्र कटारा के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने और अपना झुकाव कांग्रेस व कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति प्रदर्शित करने का गंभीर आरोप लगाया है।

### स्कूटी की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा, 26 नवंबर ।** कोचिंग क्लास कर घर वापस लौट रहा एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक घर का इकलौटा चिराग था। जिस स्थल पर दुर्घटना हुई थी, उसी मार्ग में कुछ पहले उसके भाई की दुर्घटना में मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार झगरहा निवासी मिथिलेश राय का 18 वर्षीय पुत्र शिवम राय कोरबा में कोचिंग क्लास आया था। क्लास छूटने के बाद वह अपनी बाइक से घर जाने निकला था। इंडस्ट्रियल एरिया में मार्ग के उपर खड़े एक ट्रक के किनारे से वह निकल कर आगे बढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उसकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर जा गिरा, तभी सामने से आ रही एक स्कूटी चालक उसके उपर से गुजर गई। घटना में शिवम की स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी सवार चालक व उसका साथी भी वाहन अनियंत्रित होने की वजह से नीचे गिर पड़ा। उन्हें भी चोट लगी। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस स्थल पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। वहीं मामला कायम कर आगे कार्रवाई कर रही है। घटना की सीसीटीवी में फुटेज आया है, इसमें बाइक सवार युवक को नीचे गिरने व उसके उपर से स्कूटी पार होना स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

### बदमाशों ने तोड़ दी विराजित हनुमान जी की मूर्ति, ग्रामीणों में आक्रोश, एफआईआर दर्ज

**कोरबा, 26 नवंबर ।** हनुमान जी की मूर्ति को अज्ञात बदमाशों ने तोड़कर खंडित कर दिया। पूरा मामला जांजगीर-चा पा के अकलतरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोड़ीदल्हा गांव का है। गांव के पहाड़ में विराजित हनुमान जी की मूर्ति को बदमाशों ने तोड़ा है। इसकी जानकारी होते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस पूरे मामले में अकलतरा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है, आरोपियों की तलाश जारी है।बता दें कि 15 जुलाई को पोड़ीदल्हा के पहाड़ में बजरंग दल द्वारा विधि-विधान के बाद हनुमान जी की मूर्ति विराजित की गई थी। अब स्थानीय लोगों और बजरंग दल के सदस्यों ने थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 295, , 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है और जांच कर रही है।

## एक नजर

### जंगली हाथियों के झुंड ने बीती रात बांधा पाली में मचाया उत्पात



**रायगढ़, 26 नवम्बर।** धरमजयगढ़ वनमण्डल के जंगलों में हाथियों का दल विचरण कर रहा है बीती रात इन गजराजों ने छाल क्षेत्र के बांधापाली में जमकर उत्पात मचाया और खेत मे उपजे धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार झुंड में 57 हाथियों का दल है। गांव में हाथियों के आने से ग्रामीण काफी दहशत में हैं। ग्रामीण अपनी फसल की रखवाली कर रहे है रात को जंगल से निकल कर पके धान की फसल की ओर रुख करते हैं और फसल चट कर जाते है। फसल की बचाव के लिए किसान रात को टार्च और मशाल से हाथियों को खदेड़ रहे हैं। वर्तमान में 57 हाथियों का झुंड भेल पुसलदा जंगल मे विचरण कर रहा है। इसकी जानकारी वनकर्मियों द्वारा ग्रामीणों को दी जा रही है ताकि जंगल रास्ते से कोई आवाजाही न करे।

### कीर्तन यात्रा निकाली

**महासमुंद।** गुरुनानक जयंती के पहले शनिवार को शहर में नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। पंज प्यारों की अगुवाई में निकली यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। स्टेशन रोड स्थित गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा से शाम कीर्तन यात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचीं।वहीं कीर्तन यात्रा में पंजाब से पहुंचे गतका दल के हैरतअंगेज करतब देखने लोगों की भीड़ लगी रही। बता दें कि सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरु नानक देव जी की इस साल 554वीं जयंती मनाई जा रही है। 15 नवंबर से लेकर 24 तक नगर में सिख समाज द्वारा प्रतिदिन प्रभातफेरी की गई। प्रभात फेरी अल सुबह साढ़े 4 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा से शुरू होकर शहर के मुख्य मागों से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचती थीं। शनिवार को कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान कई संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। वहीं कल गुरुनानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा में आम लंगर का आयोजन होगा। हर साल की तरह इस बार भी नगर कीर्तन यात्रा गतका पार्टी के साथ निकली। पंजाब से आए गतका दल ने हैरान करने वाले करतब दिखाए। इसमें तलवारबाजी के साथ-साथ अन्य करतब दिखाए गए। इसके अलावा सिर में नारियल रखकर तोड़ना, सीने में बर्फ की सिल्ली तोड़ना, सीने में ट्यूबलाइट फोड़ना आदि दिखाए गए। वहीं इस वर्ष भी शहर के मुख्य मार्ग के चौराहों में लोग करतब देखने पहुंचे।इससे पहले दोपहर में नगर के सिख युवाओं ने बाइक रैली निकाली। शहर के स्टेशन रोड से निकली बाइक रैली ने पूरे नगर में भ्रमण किया। शहर के मुख्य मार्गों के अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से भी बाइक रैली गुजरी। रैली में सिख समाज के युवा हाथ में ध्वज लेकर निकले। गुरुनानक जयंती पर इस साल भी गुरुद्वारा में कल दोपहर 1 बजे से अटूट लंगर शुरू होगा। गुरुद्वारा समिति के अनुसार अटूट लंगर शाम तक चलेगा। इससे पूर्व सुबह से गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन होगा व रात को गुरुनानक देव जी की जयंती मनाई जाएगी।

### भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होते हैं भगवान:महाराज यशवंत



**महासमुंद।** भगवान को अहंकार प्रिय नहीं है, भगवान भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होते हैं। उक्त बातें रायपुर के महाराज आचार्य डॉक्टर यशवंत शर्मा ने शहर के पुराना रायपुर नाका में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान कही। उन्होंने भगवान कृष्ण की बाल्यकाल माखन चोरी की कथा सुनाई, कैसे वे माखन चोरी करते थे जिससे उनका नाम माखनचोर पड़ा। महाराज ने बताया भगवान श्री कृष्ण महज सात वर्ष की आयु में सात कोस के गोवर्धन पर्वत को 7 दिनों के लिए अपनी कनिष्ठका उंगली में उठाए रखा। कृष्ण लीला की कथाओं में कालिया नाग वध की कथा भक्तों को बताई। महाराज ने कहा यमुना नदी में कालिया नाग के निवास करने से नदी का पूरा जल विषाक्त हो गया था। जीव जंतु पशु पक्षी यमुना का जल का सेवन कर मृत हो रहे थे। भागवन ने यमुना में कालिया नाग का वध करने खेल के दौरान नदी में कूद गए और कालिया का वध कर उनका उद्धार किया। भगवान उनके फनो में नृत्य कर बाहर आए जिसे देख यमुनावासी हथप्रभ रह गए। भगवान को नाग के फनों में नृत्य करता देख उनका नाम नटवर रख दिया। भगवान ने इस तरह से लोगों को जल की शुद्धता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। महाराज ने कहा कि वर्तमान में हमारे नदी तालाब कुएं सभी दूषित होते जा रहे हैं और जल का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसलिए जल सरंक्षण करना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। क्योंकि 'जल है तो कल है'। ज्ञात हो कि पुराना रायपुर नाका निवासी पंडा परिवार द्वारा स्व. माता नालिनी पंडा पिता श्रीराम कृष्ण पंडा के वार्षिक श्राद्ध पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा सुनने बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंच रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर पंडा परिवार द्वारा भगवान को 56 भोग का लगाया गया।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के युवा संसद में बच्चों ने बहुत कुछ सीखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 26 नवम्बर।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के अनुसार शिक्षा का लक्ष्य है-ज्ञान के प्रति समर्पण की भावना और निरंतर सीखते रहने की प्रवृत्ति। इसी वाक्यांश को संपूर्णता देते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायगढ़ के कक्षा छठवीं से दसवीं तक के छात्रों ने संसदीय कार्यवाही का मंचन श्रीमती सुजीता पाणिकर सामाजिक विज्ञान अध्यापिका के मार्गदर्शन में किया। उन्होंने दिखाया कि कैसे संसद सदस्य मुद्दों पर चर्चा करते हैं, विधेयकों को मतदान द्वारा पारित किया जाता है और संसद के ऊपरी और निचले सदनों के अन्य कार्यात्मक पहलुओं पर चर्चा की जाती है। युवा संसद का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करनाए अनुशासन की स्वस्थ आदत विकसित करना और छात्रों को संसद की कार्यप्रणाली को समझने में सक्षम बनाना था। लगभग 25 छात्रों ने भाग लिया और एक वास्तविक संसद का स्वरूप तैयार किया। छात्रों ने नए सदस्यों द्वारा शपथ, प्रधान मंत्री द्वारा नए मंत्रियों का परिचय, प्रश्नकाल, सभा पटल पर रखे जाने वाले दस्तावेज़, विशेषाधिकार हनन तथा अंतरराष्ट्रीय संबंध और भारत के विदेश नीति जैसे विषयों में भाग लिया।

प्रश्नकाल के दौरान किसान बिलए रेलवे दुर्घटनाएं, शिक्षा नीतियां, अंतरराष्ट्रीय संबंध और भारत की विदेश नीति जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए और चर्चा की गई। विपक्ष के नेता ने किसान कर्ज मुक्ति, रेलवे दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़े तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर गिरावट दर्शाते हुए सरकार की आलोचना कीद्य अंत में प्रधानमंत्री द्वारा वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए परस्पर वार्ता और सहयोग की भावना को बल देते हुए अपने राष्ट्र की सुरक्षा ए प्रगति और शांति को बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल और विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अनीता अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे >

तथा विद्यालय की प्राचार्य महोदया श्रीमती प्रिया सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान का परिचय देते हुए उनके महत्व को समझाया तथा विजय जी अग्रवाल ने अपने व्यक्तिगत राजनीतिक जीवन तथा राजनीतिक विचारों के संबंध मे प्राचीन राजतन्त्र से लोकतंत्र में परिवर्तित स्वरूप को विद्यार्थियों से साझा किया तथा छात्रों का प्रोत्साहन करते हुए उनके परिश्रम की सराहना की।

# सीनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की टीम ने स्वर्ण पदक जीता

**राजनांदगांव, 26 नवंबर।** बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में आयोजित 7 वीं सिनियर व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फायनल में कर्नाटक की टीम को 21-11 अंको से परास्त कर लगातार तिसरी बार इस प्रतियोगिता पर कब्जा किया। महाराष्ट्र की गीता चौहान ने 11अंक, मिनाक्षी यादव ने 4 अंक बनाये जबकि कर्नाटक की और से मयावा एस ने 7 अंक बनाये। कर्नाटक की महिला टीम पहली बार रजत पदक जीती है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की नेशनल पहली बार आयोजित हो रहा है। फायनल के पश्चात पूरूष्कार वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के संचालक सुनिल गोलछा, अंतर्राष्टीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक एवं बास्केटबॉल के हाई परफार्मेंस डाइरेक्टर कालवा राजेश्वर राव, वरिष्ठ पत्रकार दिपांकर खोबरागढे, निलेश डाकलिया एवं रुपेश जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के टेक्नीकल कमिश्नर अब्राहम जी, अंतर्राष्टीय प्रशिक्षक श्रीमती सुवर्ण




लिमये, अंतर्राष्टीय रेफरी राजन, गोविंद सेन, मुकीम, दुर्गेश सक्सेना , एस एस बी के अमितकुमार, मेधना मुणोत सहित अन्य गणमान्य नागरिक और बास्केटबॉल खिलाडी औऔर विभिन्न टीमों के कोच और खिलाड़ी उपस्थित थे। विजेता उपविजेता और तिसरे स्थान पर आने वाली टीम के खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक, ट्राफी व व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किये गये। केरल टीम ने तमिलनाडु को 8-6 अंको से परास्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। केरल की अल्फिया ने 6 अंक और तमिलनाडु की मालती ने 4 अंक बनाये। 27 नवंबर से पुरुषों की प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ टीम सहित 11 टीमें भाग लेने आ रही है। स्वर्ण पदक विजेता महाराष्ट्र की टीम इस प्रकार है़ः- साक्षी चौहान, रिमांड गुप्ता आस्मान जमादार, गीता चौहान (कप्तान) मिनाक्षी जाधव, भाग्यश्री मजीरे, मनिशा थोपाटटे, निशा गुप्ता, प्रेरणा धोने,तरिसी चोरडिया कोच ः- केप्टन लुईस जार्ज, सुवर्णा लिमये। 23 से 25 नवम्बर तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रॉउंड रोबिन लीग मैच के सभी लीग मैच जीत कर महाराष्ट्र की टीम ने फायनल में प्रवेश किया था। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ टीमें विभिन्न हॅाटेल्स में कई गई थी. इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग ले रहे है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्टीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था।इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, अंतर्राष्टीय प्रशिक्षक वरूण एहलावत, श्रीमती सुवर्णा लिमये सहित अंतर्राष्टीय रेफरी भी भाग ले रहें है। सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का चयन भी किया गया है । भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी राजनांदगांव में आयोजित होगा। गोलछा ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के स्पांसर, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित

# ट्रेडिंग कम्पनी से मिलीभगत कर प्लांट के कर्मियों ने ली लो ग्रेड वाली मैंगनीज ओर की डिलीवरी

**■ इस्पात एण्ड पावर कंपनी को हुआ 26 लाख से अधिक का नुकसान, धोखाधड़ी की रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में अपराध दर्ज**

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** थाना पूंजीपथरा अंतर्गत ग्राम चिराईपानी स्थित सुनील इस्पात एण्ड पावर प्रा. लिण् कंपनी में एचआर मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रफुल राय 45 साल द्वारा 24 नवंबर को थाना पूंजीपथरा में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर बताये कि कंपनी के कर्मचारी राकेश कुमार जांगडे और धनेश्वर प्रसाद रात्रे द्वारा ट्रेडिंग कंपनी के कर्मचारियों और ट्रांसपोटर्स से सांठ-गांठ कर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से खराब माल की टेस्टिंग को सही बताकर माल को खाली कराया जा रहा था। खराब माल होने की शंका पर माल के सैम्पल लैब से चेक कराने पर माल का ग्रेड कम पाया गया जिससे कंपनी को 26,27,111 रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है ।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि कंपनी द्वारा लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। उन्होंने लिखित आवेदन के जरिए बताया कि मैंगनीज ओर फेरो स्लेग जो न्यू इरा ट्रेडिंग कम्पनी नागपुर एवं आरआर इंटरप्राईजेज रायपुर से उच्च क्वालिटी का पर्चेस आर्डर के अनुसार मांग करते है जिस पर कंपनी द्वारा ट्रकों में लगभग 10-15 ग्रेड कम करके अर्थात 48-50 की जगह 35-40 भेजे जाने की आशंका हुई थी। इसी के तहत 9 अक्टूबर 2023 की रात ट्रक से मैगनीज ओर आया था, जिसे कंपनी के राकेश कुमार जांगडे और धनेश्वर प्रसाद रात्रे द्वारा गलत ट्रेस्टिंग कर माल के ग्रेड को सही बताकर, गाड़ी खाली कराया जा रहा था। ग्रेड चोरी का अंदेशा होने पर गाड़ी का माल चेक करवाया गया, जिसमें ग्रेड कम होना पाया गया । ग्रेड की चोरी से संस्थान को आर्थिक नुकसान हुआ है। कंपनी के एच.आर. मैनेजर के लिखित आवेदन से आरोपी राकेश कुमार एवं धनेश्वर प्रसाद रात्रे के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियान दोनों रिस्ते में जीजा-साला हैं, दोनों फरार है जिनकी पतासाजी, गिफ्तारी के लिए पूंजीपथरा पुलिस द्वारा छापेमारी कार्रवाई की जा रही है ।

### कर्नाटक में दंपति बंधक छुड़ाने प्रशासन से गुहार

**महासमुंद।** कर्नाटक में बंधक मजदूर दंपति को बंधन मुक्त कराकर वापस लाने कलेक्टर और एसपी से गुहार लगाई गई है। नरतोरा निवासी केजूराम गायकवाड़ ने शिकायत की है कि उनके भैया देवनाथ गायकवाड़ और भाभी ललिता गायकवाड़ को दो महीने पहले रायपुर का पारस नायक अपने साथ काम के लिए कर्नाटक के मंतुर पोस्ट धनतुर जिला बगलकोट लेकर गया था। कुछ दिन दिन तो ठीक रहा, लेकिन बाद में उन्हें बंधक बनाकर एक कमरे में बंद कर काम कराया जा रहा है। साथ ही मारपीट कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके साथियों का मोबाइल छीन लिया गया है।

# लिटिल रोज स्कूल के बच्चों ने फनफिस्ट मेले का लुत्फ उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 26 नवंबर।** प्रतियोगिता वाले आयोजनो से बच्चो के अंदर आगे बढने के साथ-साथ उत्साहवर्धन की बाते सामने आती है,बच्चे इस प्रकार के आयोजनो से अपनी जिंदगी मे आगे बढने की लालसा के साथ हर दौर की मुश्किलो को आसानी से सुलझाने के काबिल भी बन जाते है,वर्तमान समय तीव्र प्रतिस्पर्धा का है,बच्चे अपने जीवन के विकासकाल का एक बड़ा और अति महत्वपूर्ण हिस्सा स्कूल में व्यतीत करता है ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें अध्ययन के साथ ही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का वास्तविक प्रशिक्षण मिलना चाहिए। यह बाते दिन शनिवार को सी.बी.एस.सी स्कूल लिटिल रोज मे लगाये गये फनफिस्ट मेले के दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने कही। मुख्यअतिथी रिबन काटकर मां सरस्वती की वंदना करते हुये कार्यक्रम की शुरूवात करायी। लिटिल रोज स्कूल मे बतौर मुख्य अतिथी के रूप मे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल,सरंक्षक रामलाल अग्रवाल,स्कूल के डायरेक्टर पवन





अग्रवाल,सचिव प्रयागराज अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल,हेमंत अग्रवाल,विजय अग्रवाल,प्राचार्य हेमंत यादव,विकास अग्रवाल के अलावा अन्य स्कूली शिक्षक-शिक्षिकायें व अभिभावक उपस्थित थे। स्कूल मे आयोजित फनफिस्ट मे बच्चो द्वारा खेल व खाद्य सामग्रियों के विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा खेल व खाद्य सामग्रियों के स्टॉल लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवी तक विभिन्न आयु के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थी खासे उत्साहित थे,विद्यार्थियों द्वारा अलग अलग स्टॉलों पर अलग-अलग सामग्रियां सजाई गई थीं। खाद्य सामग्री विक्रय करते तथा गेम स्टॉल पर खेलों का लुत्फ उठाते बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था,अतिथियों ने कार्यक्रम के आयोजन की जमकर सराहना की।।

विद्यार्थीयों के मनोरंजन एवं व्यापार की समझ मेला-स्कूल के डायरेक्टर पवन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी स्टॉलों पर प्रदर्शित की गई सामग्रियों के चयन से लेकर निर्माण व प्रदर्शन तथा वितरण तक का जिम्मा विद्यार्थियों ने संभाला था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का मानसिक विकास तेजी से होता है और वे मानसिक तौर पर सशक्त बनते हैं। उनका कहना था कि विद्यार्थीयों की मनोरंजन के साथ व्यापार की बेहतर समझ के लिए यह मेला आयोजित किया जाता है। आयोजन को सस्था के प्राचार्य हेमंत कुमार यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कड़ी बताया।

## समाचार संक्षेप

### रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

**बीजापुर 26 नवम्बर ।**कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी के निर्देशन में जनपद पंचायत बीजापुर द्वारा रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत बीजापुर में किया गया। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सीईओ जनपद पंचायत श्री गीत सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके एवं विकास सर्वे ने स्वंय रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। जिसमें ग्रामीण महिलाओं सहित जन सामान्य ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और 37 यूनिट से अधिक रक्तदान किया। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने रक्तदान करने वाले नागरिको को प्रशस्ति पत्र देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलेक्टर श्री कटारा ने बताया कि बीजापुर जिले में एनीमिया पीड़ित महिलाओं की संख्या ज्यादा है जिसके कारण जिला अस्पताल ने पर्याप्त खून की व्यवस्था करनी पड़ती है। जिसके लिए जिले के युवा, महिला एवं आम नागरिको को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया और बहुत ही सुखद परिणाम रहा कि लोगो ने इस शिविर में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इसी तरह अन्य ब्लॉक एवं नगरीय निकाय स्तर पर शिविर आयोजित कर रक्तदान के लिए लोगो को प्रेरित की जा रही है। शिविर के आयोजक सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर श्री गीत सिन्हा ने बताया कि रक्तदान के अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 150 से अधिक लोगो ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। श्री गीत सिन्हा ने बताया कि लोगो के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए रक्तदान के लाभ को बताते हुए रक्तदान के प्रति भ्रांतियो को दूर करने की लोगो में जागरुकता लाने का पूरा प्रयास मैदानी अमलो द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर जिला प्रशासन एवं भारतीय रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में जनपद पंचायत बीजापुर द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल सहित जिला संगठक भारतीय रेडक्रास सोसायटी के श्री नरवेद सिंह ने रक्तदाओ को विशेष सहयोग किया एवं शिविर में अपनी महती भागीदारी सुनिश्चित की।



### उपचारात्मक शिक्षण एवं छात्रवृत्ति के संबंध में बीईओ तथा प्रिंसीपल ने की समीक्षा



**बीजापुर 26 नवंबर।** जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार एवं शैक्षणिक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर की अध्यक्षता में बीईओ तथा प्रिंसीपल की समीक्षा बैठक स्वामी आत्मानंद स्कूल बीजापुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त स्कूलों में शैक्षणिक स्तर में सुधार करने, बच्चों की उपस्थित में वृद्धि करने, शिक्षकों की नियमित शाला में समयानुसार उपस्थित रहने तथा शासकीय योजनाओं को विशेषकर छात्रवृत्ति पोर्टल में शत प्रतिशत बच्चों का इंट्री करने निर्देशित किया गया। छात्रवृत्ति के नोडल नागेश के द्वारा छात्रवृत्ति इंट्री के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। एपीसी श्रीनिवास एटला ने कक्षा 9 से 12 तक समस्त हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी स्कूलों में नियमित रूप से उपचारात्मक शिक्षण अंतर्गत कोचिंग कक्षाओं का संचालन करने के बारे में बताया गया। कोचिंग कक्षाओं का दस्तावेजीकरण, पालक शिक्षक बैठक का आयोजन, कमजोर बच्चों का चयन, परीक्षा में टाइम मैनेजमेंट, पीर लर्निंग, गतिविधि आधारित शिक्षण, ज्ञरूएवं रूका उपयोग करने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।

### टीम ने दो आईईडी बम बरामद किए

**बीजापुर 26 नवंबर।** 24 नवंबर को केरिपु 168 बटालियन एवं थाना आवापल्ली BDS का संयुक्त टीम आवापल्ली- बासागुड़ा सड़क मार्ग पर डी माइनिंग ड्यूटी हेतु निकली थीटीम द्वारा कैम्प मुरदण्डा से बासागुड़ा सड़क पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 25-25 द्मद्द के 2 IED बरामद किए गयेसडक मे 5×5 फिट लम्बा- चौड़ा व 4 फिट गहरा बना कर IEDप्लांट किया गया था द्यमाओवादियों द्वारा बड़ी वाहनों को नुकसान पहुचाने की नीयत से द्धश्वष्ठ कमांड स्वीच सिस्टम से लगाये गये थे । केरिपु 168 वाहिनी एवं थाना आवापल्ली की BDS टीम द्वारा IED मौके पर किया गया निष्क्रियथाना पामेड़ क्षेत्रअंतर्गत चिंतावगु नदी और धरमाराम गांव के मध्य से 5द्मद्द का प्रेशर IED कोबरा 204 और केरिपु 151 की टीम द्वारा बरामद किया गया कोबरा 204 की BDS टीम के द्वारा मौके पर किया गया निष्क्रिय सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को किया गया विफल ।



# गुरु पर्व पर नगर कीर्तन का आयोजन, पंज प्यारों का भव्य स्वागत

## गुरुनानक देव जयंती पर गतका दल ने किया शौर्य प्रदर्शन, बडी संख्या में लोग देखने पहुंचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भाटापारा, 26 नवम्बर।** सिक्ख पंथ के संस्थापक प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के गुरपुरब पर नगर कीरतन का आयोजन किया गया। दोपहर बाद पंजाबी गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा से गुरुग्रंथ साहिब की पालकी जिसकी अगुवाई पंजपयारों द्वारा की जा रही थी नगर के प्रमुख मार्ग झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा से महासती मंदिर मार्ग से होते हुए रामसप्ताह चौक से फव्वारा चौक होकर स्टेशन रोड से शहर थाना, सदर बाजार से पुनः गुरुद्वारा में जाकर सम्पन्न हुआ। पूरे नगर में जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गये एवं फूल माला भेंट कर स्वागत किया गया। चौक चौराहा पर करतब दल द्वारा शौर्य प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। रायपुर से शबद कीरतन दल जिसमे स. रिंकू मक्कड़ जी, स. लक्की मक्कड़ एवं स.अमन छाबड़ा जी के शबद कीरतन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया जिसमें स्थानीय महिला सत्संग ग्रुप की माता बहनों ने अपनी सुंदर भागीदारी दी। पालकी साहिब की सेवा स. बल्लू चाचा, बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा प्रदान की गई। नगरकीर्तन के स्वागत के लिए जगह जगह सर्वधर्म समभाव के साथ समाज एवं अन्य समाज के सेवादलों द्वारा कई स्थानों पर साधसंगत के लिए नाश्ते और जलपान की व्यवस्था रखी गई।

सिक्ख सेवा संस्था के युवा साथियों ने नगरकीर्तन हेतु अपने सेवादल के साथियों के साथ उत्कृष्ट सेवा का सराहनीय योगदान दिया। समाज की महिलाओं, पुरषों के साथ साथ बच्चों ने भी नगरकीर्तन में बड़ी श्रद्धा और उत्साह से शामिल हुए, नगरकीर्तन मार्ग में साफ-सफाई और जल छिड़काव हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद के साथ साथ पालिका उपाध्यक्ष स. त्रिलोक सलूजा का योगदान सराहनीय रहा, नगरकीर्तन के सफल आयोजन एवं समाज के सभी आयु वर्ग के माता बहनों, वीरा भ्रावा और बच्चों की भागीदारी के लिए पंजाबी गुरुद्वारा संचालन समिति के स.नरिन्दर सिंह बाली, स. बलवंत सिंह, स.हरभगवान सिंह, स.मनजीत सिंह 6हैप्पी 8 एवं स.हरमिन्दर सिंह चावला ने आभार व्यक्त किया, समाज के सक्रिय सदस्य अरुण छाबड़ा बंटी द्वारा झुलेलाल सेवा समिति के मुखी एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सरोपा एवं शाल भेंट कर अभिनदंन किया नगरकीर्तन पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में पहुँच सम्पन्न हुआ जिसके पश्चात संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। जिसमें समाज के वरिष्ठ जन स. भागसिंह जी सलूजा, गुलशन सचदेव जी, स. महेन्दर सिंह सलूजा, स. भगतसिंह छाबड़ा जी के आशीर्वचन संगत को दिये गये, गुरुद्वारे के ज्ञानी स. निरंजन सिंह एवं हजूरी रागी जन ने संगत को अपने शबद कीरतन से संगत को निहाल किया, गुरपुरब सोमवार 27 नवम्बर को स्थानीय गुरुद्वारे में श्रद्धा एवं परम्परागत रुप से मनाया जायेगा। नगरकीर्तन के सफल बनाने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी के साथ साथ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

# पराली को जलाने से बचें, नहीं तो होगा जुर्माना

## गौठान में पैरा करें दान, फसल अवशेष का भी किया जा सकता है उचित प्रबंधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



### फसल अवशिष्ट जलाने पर जुर्माना

फसल अवशेष जलाने संबंधित कृत यदि शासन के संज्ञान में आता है तो उस स्थिति में अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। अर्थदण्ड के अन्तर्गत 2 एकड़ तक के भू-स्वामी को 2500/- रूपये तक तथा 2 से 5 एकड़ तक 5000/- तथा 5 एकड़ से अधिक के भू-स्वामी को 15000/- रूपये अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। फसल अवशेष को जलाना वर्तमान में देशव्यापी समस्या बनी हुई है तथा प्रदुषण का सबसे बड़ा कारण भी है, इसके नियंत्रण हेतु देश के प्रत्येक किसान तथा नागरिक जागरूक होना पड़ेगां भविष्य में आने वाली मुसीबतों को गंभीरता से लेते हुए फसल अवशेष जलाना छोड़कर इसका उचित प्रबंधन करना है, जो कि वर्तमान समय की मांग है। इसके साथ ही किसान अपने अपने गांव के गौठान में पैरा का दान कर सकते है।

**बलौदाबाजार, 26 नवम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर उप संचालक कृषि दीपक कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा मैदानी अमलो के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले में खरीफ 2023 अंतर्गत 196690 हेक्टेयर में धान की फसल ली गई थी जिसकी की कटाई का कार्य जारी है। वर्तमान में कृषको द्वारा हार्वेस्टर के माध्यम से धान की कटाई कराने का प्रचलन बढ़ा है, तथा कटाई पश्चात अगले फसल के तैयारी के लिए खेत में बचे हुए पैरा (पराली) के तत्काल निराकरण हेतु इसे जला दिया जाता है, जो उचित कृत्य नहीं है, वर्तमान समय में यह पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बड़ा समस्या बन चुका है।

**फसल अवशेष जलाने के दुष्प्रभाव:** फसल अवशेष जलाने पर्यावरण में कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न होती है, इससे निकलने वाले धुंए में मौजूद जहरीली गैसो से न सिर्फ मानव स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है बल्कि वायु प्रदुषण का स्तर भी बढ़ रहा है। इससे मृदा का तापमान बढ़ता जिसके कारण मृदा की संरचना बिगड जाती है तथा लाभदायक सूक्ष्मजीवों की संख्या कम हो जाती है। जीवांश पदार्थ की मात्रा कम हो जाने से मृदा की उत्पादकता कम हो जाती है। फसल अवशिष्ट जलाने से केचुए, मकड़ी जैसे मित्र कीटों की संख्या कम हो जाने से हानिकारक कीटो का प्राकृतिक नियंत्रण नहीं हो पाता है, फलस्वरूप मजबूरन महंगे तथा जहरीले कीटनाशकों का इस्तेमाल करना आवश्यक हो जाता है। केवल एक टन पैरा जलाने से 5.5 कि.ग्रा. नाइट्रोजन, 2.3 कि.ग्रा. फास्फोरस. 2.5 कि.ग्रा. पोटेशियम और 1.2 कि.ग्रा. सल्फर जैसे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाता है। अतः जरुरत है कचरा समझे जाने वाली फसल अवशेषों को खेत में सोना समझकर मिला देने की फसल अवशेष को न जलाकर पर्यावरण के अनुकूल इसका उचित प्रबंधन किया जा सकता है।

**फसल अवशिष्ट का प्रबंधन कैसे करें:** फसल कटाई के उपरांत खेत में पड़े हुये फसल अवशिष्ट के साथ ही जुताई कर हल्की सिंचाई पानी का छिडकाव करने के पश्चात ट्राइकोडर्मा का छिडकाव करने से फसल अवशिष्ट 15 से 20 दिन पश्चात् कम्पोस्ट में परिवर्तित हो जायेंगे, जिससे अगली फसल के लिए मुख्य एवं सूक्ष्म तत्व प्राप्त होंगे। फसल अवशिष्ट को कम्पोस्ट में परिवर्तित होने की गति बढ़ाने के लिए सिचाई उपरांत यूरिया का छिड़काव भी किया जा सकता है। फसल अवशिष्ट के कम्पोस्ट में परिवर्तित होने से जीवांश की मात्रा मृदा में बढ़ जाती है जिससे मृदा की जलधारण क्षमता तथा लाभदायक सूक्ष्म जीवों सूक्ष्म तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है जो रासायनिक उर्वरको के उपयोग क्षमता को बढ़ा देती है। ऐसा करने से कम रासायनिक उर्वरक डालकर अधिक पैदावार ली जा सकती है। फसल कटाई उपरांत खेत में बचे हुए फसल अवशिष्ट को इकट्ठा कर गड्ढे में डालकर गोबर का छिड़काव करें तत्पश्चात ट्राइकोडर्मा या अन्य अपघटक डालकर कम्पोस्ट तैयार करे। फसल कटाई उपरांत फसल अवशिष्ट खेत में ही पड़े रहने तथा इन्हें बिना जलाये भी उपयुक्त कृषि यंत्री द्वारा बोनी की जा सकती है। ऊपर बिछे अवशिष्ट नमी संरक्षण, खरपतवार नियंत्रण एवं बीज के सही अंकुरण के लिए मल्चिंग (पलवार) के रूप में कार्य करेंगे। फसल अवशिष्ट का उपयोग मशरूम उत्पादन के लिए किया जा सकता है। धान के पैरा को यूरिया से उपचार कर पशुओं के सुपाच्य एवं पौष्टिक चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है। फसल अवशिष्ट का उपयोग अन्य कार्यों जैसे कार्ड बोर्ड एवं खुरदुरे कागज निर्माण हेतु कच्चे माल के रूप में किया जा सकता है। फसल अवशिष्ट प्रबंधन हेतु कृषि यंत्रो का भी प्रयोग किया जा सकता हैप् फसल कटाई के उपरांत खेत पर फसल अवशेष पड़े रहने के बाद भी बिना जलाए बीजों की बोनी हेतु जीरो सीड कम फर्टिलाईजर ड्रील हैप्पी सीडर का प्रयोग किया जा सकता है। कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई के पश्चात् सुपर सीडर, स्ट्रा रीपर/स्ट्रा बेलर मल्चर का उपयोग कर फसल अवशिष्ट का प्रबंधन किया जा सकता है।

# मतगणना सफलतापूर्वक संपन्न कराने सभी तैयारियां पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## 3 दिसंबर को लाइवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी मतगणना

**बालोद, 26 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसंबर को बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर आदि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि 03 दिसंबर को लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मतगणना का कार्य सुबह 08 बजे प्रारंभ होगी। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट पेपरों की गणना की जाएगी इसके पश्चात् कंट्रोल यूनिट के माध्यम से गणना आरंभ किया जाएगा।

कौशिक ने बताया कि कंट्रोल यूनिट के गणना हेतु प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबल लगाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद में आरओ टेबल सहित 04 टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाई गई है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा एवं 61 गुण्डरदेही में आरओ टेबल सहित 03 टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाई गई है। इसके साथ ही 02 एआरओ टेबल सारणीकरण के लिए लगाया जाएगा। गणना हेतु प्रत्येक टेबल में 01 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है जो सामान्य प्रेक्षक के दिशा-निर्देशन में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राउंड की गणना समाप्त होने के पश्चात् सामान्य प्रेक्षक के द्वारा 02 मतदान केंद्रों के मशीनों की रेण्डम जाँच कर अतिरिक्त गणना अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के कुल 258 मतदान केंद्रों की मतों की गणना 19 राउंड में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के 270 मतदान केंद्रों के मतों की गणना 20 राउंड में एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के कुल 286 मतदान केंद्रों के मतों की गणना 21 राउंड में संपन्न किया जाएगा। मतगणना स्थल के लिए नियुक्त किए गए गणना अभिकर्ताओं को 03 दिसंबर सुबह 07 बजे से मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु उन्हें अपने साथ गणना अभिकर्ता नियुक्ति पत्र एवं फोटो पहचान पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है। गणना स्थल पर एक समय में केवल एक ही गणना अभिकर्ता निर्धारित स्थल पर उपस्थित रह सकेंगे। मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारी, गणना अभिकर्ता एवं अन्य किसी को भी मोबाईल फोन, डीजिटल घड़ी, कैमरा आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि के अलावा गुटखा, पान, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट के साथ प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गणना हेतु 220 अधिकारी-कर्मचारी के अलावा 60 माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी लगा दी गई है।

## एक नजर

### नशे में धुत बस चालक पर की गई कार्रवाई



**बलौदाबाजार, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य सडक मार्ग रायपुर-बलौदाबाजार में आवागमन करने वाले आम लोगों के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना मिली कि, रायपुर से बलौदाबाजार की ओर आ रही गुरु कृपा ट्रेवल्स बस का चालक शराब के नशे में बस को लहराते हुए चला रहा है, जिससे सड़क पर चलने वाले कुछ लोगों को ठोकर मारते व दुर्घटना कारित करते-करते बचा है। सूचना पर थाना पलारी पुलिस द्वारा उक्त बस को ग्राम अमेरा के पास रुकवाया गया। बस चालक को बस से उतरवा कर उसका नाम पूछने पर अपना नाम राजकुमार लूनिया पिता मनोहर लाल उम्र 33 साल निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा बताया, इस समय बस चालक शराब के नशे में था। मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी तथा लोगों में भारी आक्रोश भी था। बस क्र. ष्टत्र15 क्क0226 और बस चालक को थाना पलारी लाया गया। आरोपी बस चालक के विरुद्ध धारा 185 एमवी एक्ट की कार्रवाई की गई। साथ ही शराबी बस चालक के विरुद्ध धारा 279 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए पृथक से धारा 151, 107/116 जा.फौ. के तहत भी कार्रवाई की गई है।

### खुशरुपाली में डीजे डांस प्रतियोगिता सोमवार को

**छुरा, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन शुभ अवसर पर ग्राम खुशरूपाली में रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 27 नवम्बर को रखा गया है ।जिसमें सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7000 रुपये नंदूकुमार, तोषण ठाकुर एवं युवा साथी द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपये कौशल सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा के द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।तृतीय पुरस्कार 3000 रुपये लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल छुरा के द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000 रुपये जय गुरुदेव जड़ी बूटी दुकान हरदी छुरा के द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।द्वितीय पुरस्कार 2000 रुपये स्वर्गीय दुर्गाराम मरकाम के द्वारा प्रदत किया जाएंगे। तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये लक्की यादव छुरा के द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2000 रुपये लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल छुरा के द्वारा प्रदत के किया जाएंगे ।द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपये भोगेन्द्र ठाकुर के द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।तृतीय पुरस्कार 1000 रुपये भानु मेडिकल छुरा के द्वारा प्रदत किया जाएंगे ।जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, विशिष्ट अतिथि केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, अध्यक्षता कौशल सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा विशेष अतिथि शीतल ध्रुव समाजसेवी, पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता, मनोज पटेल समाजसेवी रहेंगे यह जानकारी नव युवा समिति के अध्यक्ष तोषण कुमार ठाकुर ने दी।

### गिधनी में डीजे डांस प्रतियोगिता 27 को

**छुरा, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरा ब्लाक के ग्राम गिधनी में कार्तिक पुन्नी के अवसर पर नवयुवक समिति के तत्वाधान में 27 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से 2 बजे तक डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमे सामुहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 रु एवं प्रथम पुरस्कार 5000 रु शहीद राजेश ध्रुव की स्मृति में युवा समिति द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 3001 स्व सहायता समूह द्वारा, तृतीय पुरुस्कार 1501 उमेश चंद्राकर द्वारा, युगल में प्रवेश शुल्क 150 रु, प्रथम पुरस्कार 2500 रु कातुक राम ठाकुर द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1801 रु द्वारा कुलेश्वर सिन्हा (प्रेस) श्री गणेश कल्याण हॉस्पिटल छुरा द्वारा, तृतीय पुरुस्कार 1001रु कु.देवांसिका ठाकुर द्वारा, एकल नृत्य प्रवेश शुल्क 100 रु.प्रथम पुरस्कार 1501 हर्षद ठाकुर द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1001 गजेंद्र ठाकुर द्वारा, तृतीय पुरुस्कार योगेश ठाकुर द्वारा दिया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नवयुवक समिति के सम्पर्क नम्बर 9340070018, 8964005558, 6265692242 में कर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ



**छुरा, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग संकुल केंद्र छुरा में प्रारंभ की गई ।विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले द्वारा व्यवस्थित रूप से संचालन हेतु संकुल प्राचार्य एन.सी. साहू को नोडल अधिकारी एवं शंकर लाल यदु को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक नोडल अधिकारी शंकर लाल यदु, प्रधानपाठिका सबीना नाज, विषय विशेषज्ञ अर्जुन धनंजय सिन्हा, रोहित नेताम, मीना यादव एवं सुनीता देवांगन द्वारा चयन परीक्षा हेतु उपस्थित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। समन्वयक यदु ने इस अवसर पर बच्चों को ओएमआर शीट भरना सिखाया एवं प्रवेश परीक्षा तैयारी हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिया। तार्किक प्रश्नों को हल करने के सरल तरीकों से अवगत कराया। सबीना नाज ने परीक्षा की तैयारी हेतु बच्चों को कठिन अभ्यास हेतु प्रेरित किया। गणित के प्रश्नों को हल करने के सूत्र बताया ।विषय विशेषज्ञों द्वारा मॉडल प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट द्वारा हिंदी, गणित तार्किक प्रश्नों का अभ्यास कराया गया। यह नि:शुल्क कोचिंग प्रत्येक शनिवार को सुबह 8:30 से 11:30 तक संकुल केंद्र में संचालित की जावेगी।

### धोखाधड़ी के 9 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हथबंध, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा कूट रचना धोखा धडी के आरोप पर 9 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज हथबंध पुलिस थाने से मामला अजाक थाने बलौदा बाजार को स्थांतरित किया। ग्राम मोहभट्ठा के अमृत दत्त अग्रवाल के परिवाद पर जिला सत्र न्यायालय के आदेश से हथबन्ध पुलिस थाना के निरक्षक अजय झा ने बताया की ग्राम मोहभट्ठा में लगभग 28 वर्ष पुराने जमीन संबंधित मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है की सुखदेव अग्रवाल, सुरुज बाई अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, उमा किरण अग्रवाल हेमंत अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, आंनद अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल सभी ग्राम मोहभट्ठा निवासी के विरुद्ध कूट रचना करके शिलिंग की जमीन को अनाम लोगो को बिक्री बैनामा कर दिया है शिकायत कर्ता के परिवार पर जिला सत्र न्यायालय के आदेश से अपराध क्रमांक 01/2023 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवी, व 3(2)(1) अनु जा /अनू, ज/ जा/अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामले को दर्ज किया गया तथा अजाक थाना बलौदा बाजार को स्थांतरित कर दिया गया। अजाक थाना बलौदा बाजार उप पुलिस अधीक्षक राजेश वास्तव ने बताया की हथबन्ध थाने से उपरोक्त मामला आया है मामला राजस्व विभाग से संबंधित है संपूर्ण मामले की विवेचना की जा रही है।

### 80 पाव देशी शराब के साथ 2 कोचिए गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 24.11.2023 को थाना पलारी से आरक्षक 674, 945, 365 की पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 शातिर शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?8800 कीमत मूल्य का कुल 80 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। सांथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्न्स्न डीलक्स ष्टत्र04 स्रश्च 5006 एवं बिना नंबर पुरानी टीवीएस मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण 28 को

**बालोद, 26 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मतगणना कार्य हेतु नियुक्त किए गए गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण 28 नवंबर को सुबह 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को मतगणना परियच पत्र हेतु एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन के लिए जागरूकता वीडियो मत कर बंदे हुआ रिलीज

# कलेक्टर सहित गणमान्य नागरिकों ने की वीडियो की सराहना

■ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस प्रशासन एवं सुर ओ चंदम संगीत अकादमी ने तैयार किया है यह वीडियो

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 26 नवम्बर।** जिले में यातायात नियमों का पालन करने एवं यातायात जागरूकता हेतु समय-समय पर विविध कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में सुर ओ चंदम संगीत अकादमी द्वारा यातायात जागरूकता वीडियो मत कर बंदे का निर्माण किया गया है। इस वीडियो में बलौदाबाजार के सुर ओ चंदम संगीत अकादमी से अजय साहू, विजय साहू एवं भूपेंद्र की टीम द्वारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा पुलिस के सहयोग से यातायात नियमों का पालन का बहुत ही सजीव एवं सुंदर चित्रण किया गया है।

वीडियो का मुख्य पात्र शहर में बदहवास, पागल सा घूमता हुआ लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल में रुकने, तीन सवारी वाहन ना चलाने आदि के लिए रोकता एवं टोकता रहता है। इसे ऐसा देख जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा उसका इलाज कराया जाता है। इस पागल आदमी के बारे में पता करने पर यह बात सामने आती है कि इसका चयन पुलिस विभाग में हुआ था, जिसमें वह अपने परिवार के साथ नियुक्ति देने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में इसकी कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसमें इसके परिवार के सदस्यों की मृत्यु हो जाती है तथा इस हादसे के सदमें में यह पागल हो जाता है। वीडियो के माध्यम से यह समझाया जा रहा है, कि यातायात नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है। नियमों का पालन नहीं करने से एक सुखी एवं हंसता खेलता हुआ परिवार बिखर सकता है, इसलिए अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सदैव यातायात नियमों का पालन करें। वीडियो में दर्शित पात्रों के रूप में दीपक कुमार झा, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात बलौदाबाजार सहित जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन कर सदैव जागरूक रहने हेतु संदेश दिया जा रहा है।

**कलेक्टर ने की खूब प्रशंसा, यातायात नियमों का पालन करने के दिए संदेश:** वीडियो को देखकर कलेक्टर चंदन कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित पूरी पुलिस प्रशासन की टीम को बधाई दी है। उन्होने कहा कि विडियो काफी प्रेरणादायक है। उन्होने आम जिले वासियों से अपील की है की हम सब का नैतिक जिम्मेदारी है कि यातायात नियमों का पालन करे। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कारो का उपयोग करते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करे। उन्होने आगे कहा की हमारे जिले में औद्योगिक इकाइयां स्थापित है जिस कारण बड़े वाहनों का चलना स्वाभाविक है अंत हमे और अधिक सुरक्षित एवं सचेत होकर वाहन चलाने की आवश्यकता होती है। शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत प्रोफेसर एस एम पाध्ये ने कहा की वीडियो बेहद ही प्रेरणादायक एवं जागरूकता पूर्ण है। निश्चित ही यह वीडियो युवाओं सहित आम जनमानस पर गहरी छाप छोड़ेगा। उन्होने भी कॉलेज के छात्र छात्राओं से सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## एक नजर

### फैंसी दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 26 नवम्बर।** गुढियारी के बौद्ध विहार स्थित फैंसी दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी सहित हजारों रुपए के फैंसी सामान पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संगीता सोनी 44 वर्ष छोटा अशोक नगर गुढियारी का रहने वाला है। प्रार्थिया बौद्ध विहार में फैंसी दुकान चलाती है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 23 नवम्बर की रात प्रार्थिया के फैंसी दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी 5600 रुपए सहित फैंसी सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 65600 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### ऑफिस के बाहर खड़ी मोपेड पार

**रायपुर, 26 नवम्बर।** पुराना बस स्टेण्ड स्थित कांकेर ट्रेवल्स ऑफिस के बाहर खड़ी मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद मुसीर नवाज 28 वर्ष फव्वारा चौक बैरनबाजार का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 04 एमवी 1587 को पुराना बस स्टेण्ड स्थित कांकेर ट्रेवल्स ऑफिस के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### दो पक्ष आपस में भिड़े, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 26 नवम्बर।** पंडरी तराई शिव मंदिर के पास मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी पवन सिंह 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किा कि आरोपी सत्यजीत मिस्त्री व मनोज प्रार्थी के घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जिसे मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया आरूल मिस्त्री 70 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पवन सिंह एवं अरविंद सिंह ने प्रार्थिया के घर के पास गाड़ी खड़ी कर दिया था, जिसे मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थिया के लड़के सत्यजीत मिस्त्री एवं मनोज बारले से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 5 पकड़ाए

**रायपुर, 26 नवम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने ग्राम दतरेंगा चौक में सरेआम शराब पीते आरोपी डिगेश साहू 20 वर्ष व वेद प्रकाश साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी काशीराम ध्रुव 32 व फगु पाल 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी राकेश सहतोड़े 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# ये सियासत के चश्मे कुछ धुंधले हो गये हैं चुनावी वादे आजकल सिर्फ जुमले हो गये हैं



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसम्बर को आएंगे पर अभी से अगली सरकार बनाने का दावा किया जा रहा है। सीएम भूपेश बघेल फिर से कांग्रेस की सरकार बनने के प्रति आशान्वित हैं तो पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का अभी से दावा कर रहे हैं। इन दावों के पीछे कांग्रेस और भाजपा के तर्क भी अलग अलग हैं। कांग्रेस की मानें तो ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा मतदान कांग्रेस के पक्ष में गया है तो शहरी क्षेत्रों में कम मतदान भाजपा के खिलाफ गया है। किसान, मजदूर, महिलाओं ने कांग्रेस को समर्थन दिया,महिलाओं ने भूपेश सरकार की 15 हजार सालाना योजना को पसंद किया है। इधर भाजपा का तर्क है कि 50 से अधिक विधान सभाओं में महिलाओं ने अधिक मतदान किया हैज. ये मतदान भूपेश सरकार की शराब बंदी नहीं करने के खिलाफ है तो महिला वंदन योजना में 12 हजार सालाना देने की घोषणा, मोदी सरकार की महिलाओं को 33त्नआरक्षण देने के पक्ष में है और भाजपा को पूरा आशीर्वाद दिया है।वैसे एक चर्चा यह भी है कि इस चुनाव में कोई अंदर करेंट हैज. !इसलिये बार्डर में ही सीटें लाकर ही अगली सरकार बनेगी। यानि सरकार बनाने वाली पार्टी को 50 के आसपास सीटें मिलेंगी?अभी तक भाजपा, कांग्रेस सरकार के एकमात्र मुस्लिम मंत्री मो. अकबर के पराजित होने का दावा कर रही थी पर अब मंत्री रविंद्र चौबे, कवासी लखमा, रूद्र गुरु, अमरजीत भगत के पराजित होने का दावा भाजपा के एक बड़बोले प्रवक्ता ने किया है यानि अब अकबर जीत रहे हैं? इधर कॉग्रेसी राजेश मुणत,प्रेमप्रकाश पांडे, अमर अग्रवाल,धरम लाल कौशिक,नारायण चंदेल,शिवरतन शर्मा, अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह के पराजित होने की संभावना व्यक्त कर शर्त लगाने को तैयार है। सवाल यही है कि राजनीतिक पार्टी दावा कर रहीं हैं पर मतदाता शांत है,मतदान करने के बाद भी उससे कोई टोह नहीं मिल रही हैज? वैसे कई न्यूज़ चैनलों ने अपने सर्वे में कांग्रेस की ही सरकार छ्ग में बनने की बात की थी,भाजपा के चुनाव घोषणापत्र और पीएम, गृह मंत्री,उप्र के सीएम आदि के आने के बाद अगर कोई चमत्कार हो गया होगा तो अलग बात है।वैसे महादेव ऐप को लेकर सीएम पर एक ड्राइवर के बयान के आधार पर आरोप मढ़ने से भी भाजपा उत्साहित हैं पर इसका असर आम मतदाताओं पर पड़ा होगा ऐसा लगता तो नहीं है?कुल मिलाकर 3दिसम्बर को ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी?






### छत्तीसगढ़ में सीएम के कितने हो गये हैं दावेदार...

अभी छ्ग विधानसभा के परिणाम नहीं आए हैं, किस पार्टी की सरकार बनेगी यह कयास ही लगाये जा रहे हैं और अभी से कांग्रेस भाजपा में अगला सीएम कौन बनेगा यह चर्चा आम लोगों के बीच तेज है। कांग्रेस की सरकार बनती है तो स्वाभाविक तौर पर भूपेश बघेल सबसे ऊपर हैं तो लाइन में डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव 'बाबा' और डॉ चरणदास महंत लगे हैं।इधर बहुमत नहीं आने पर एक चर्चा महाराष्ट्र की शिंदे सरकार की तर्ज पर भी खरीदी बिक्री कर छ्ग में अगली सरकार बनने की भी कई लोग चर्चा कर रहे हैं यदि भाजपा की सरकार बनती है तो कांग्रेस से अधिक सीएम के दावेदार भाजपा में हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के करीबी गौतम अडानी,भाजपा सरकार में प्रभावशाली नौकरशाह रहे अमनसिंह (आजकल अडानी के साथ) के मार्फत डॉ रमनसिंह का नाम सबसे ऊपर है,इनके अलावा पिछड़ा वर्ग से अरुण साव,धरम लाल कौशिक,नारायण चंदेल, पूर्व आईएएस ओपी चौधरी,आदिवासी वर्ग से विष्णु देव साय,राम विचार नेताम, केदार कश्यप भी उम्मीद पाले हुए हैं तो सुश्री सरोज पांडे का भी छ्ग में पहली महिला सीएम का दावा भी सामने आ सकता है?

### झीरम घाटी: मामले की जांच अब छग पुलिस कर सकेगी...




झीरम घाटी नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस हमले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे एनआईए को बड़ा झटका लगा है। अब इस मामले की जांच छ्ग की पुलिस कर सकेगी। राज्य सरकार इस मामले की जांच करा सकेगी। कोर्ट ने एनआईए की याचिका को खारिज करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस को मामले की जांच करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा है हम इस मामले में दखल नहीं देंगे।इस फैसले के बाद सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि 'झीरम कांड पर सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला छत्तीसगढ़ के लिए न्याय का दरवाज़ा खोलने जैसा है। झीरम कांड दुनिया के लोकतंत्र का सबसे राजनीतिक हत्याकांड था। इसमें हमने दिग्गज कांग्रेस नेताओं सहित 32 लोगों को खोया था। कहने को एनआईए ने इसकी जांच की, एक आयोग ने भी जांच की, लेकिन इसके पीछे के वृहत राजनीतिक षडयंत्र की जांच किसी ने नहीं की। छग पुलिस ने जांच शुरु की तो एनआईए ने इसे रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। आज रास्ता साफ़ हो गया है। अब छत्तीसगढ़ पुलिस इसकी जांच करेगी। किसने किसके साथ मिलकर क्या षडयंत्र रचा था। सब साफ हो जाएगा।

### और अब बस...

- » किस पार्टी की सरकार बनेगी इसको लेकर मंत्रालय में अफसर कयास लगा रहे हैं।
- » छत्तीसगढ़ की गुप्तचर शाखा के हिसाब से तो कांग्रेस की सरकार बन रही है।
- » सरकार किसी भी पार्टी की बनेज..एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल होना तय है?
- » सरकार का चेहरा चमकाने वाले एक विभाग की भूमिका पर अब सवाल उठ रहे हैं?

# महतारी वंदन योजना का फार्म भरवाना आचार संहिता का उल्लंघन

**रायपुर, 26 नवम्बर।** भाजपा के महतारी वंदन योजना पर घमासान छिड़ा हुआ है। भाजपा ने इसे छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर बताया था। तो वहीं मतदाताओं को फार्म भरवाकर उन्हें भ्रमित किये जाने और लुभाने का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत भी की थी। वहीं अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस ने फिर से महतारी वंदन योजना का मुद्दा उठाते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत की है। कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 7 नवंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के महतारी वंदन योजना के खिलाफ निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत की थी। लेकिन उस पर अब तक कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेन्दू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत दर्ज कराते हुए 7 नवंबर की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही की मांग की है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ओर से महतारी वंदन योजना का पंजीयन फार्म भरवाया था। इस फॉर्म में महिला मतदाता का नाम पता मोबाइल नंबर सहित सभी व्यक्तिगत जानकारी भरवाई गई थी। इस पंजीयन फार्म में प्रधानमंत्री की तस्वीर सहित यह कहा जा रहा था इस फॉर्म को भरने से परिवार की महिलाओं को 1000 रु प्रति माह और सालाना 12000 रु मिलेंगे। यह मतदाताओं को सीधे प्रलोभन देने का मामला है। भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध के प्रावधानों की धारा 123 की उप धारा (अ)रिश्वत में जो दिशा निर्देश है, उसके तहत मतदाताओं को रिश्वत देने की श्रेणी में आता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से गत 7 नवंबर को यह शिकायत की गई थी। कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अलग-अलग जिलों में इसकी शिकायत की थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से उक्त शिकायत पत्र पर कार्यवाही कर चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों को दंड देने की मांग की गई है।

# तालाब में मिली युवती की लाश

**रायपुर, 26 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव तालाब में युवती की लाश मिली है। मौत की वजह अज्ञात बताई जा रही है। इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के बाद ही इस मामले का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के मुताबिक, राजधानी रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में मार्निंग वॉक करने पहुंचे लोगों ने युवती की लाश देखी। जिसके बाद इस घटना की जानकारी तेलीबांधा पुलिस को दी। वहीं इस घटना की सुचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई।



मिली जानकारी के अनुसार, युवती राजधानी रायपुर के एम्स अस्पताल में नर्सिंग स्टाफथी। मृत युवती का नाम दीक्षा चौहान बताया जा रहा है। दीक्षा 2021 से एम्स अस्पताल में काम कर रही है। वहीं बताया जा रहा है कि, मृतक युवती देहरादून की रहने वाली है।

# मितानिन बहनों का सम्मान

**रायपुर, 26 नवम्बर।** आज मितानिन दिवस के अवसर पर पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 में पार्षद प्रत्याशी संदीप तिवारी द्वारा मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। संदीप तिवारी ने कहा कि साल भर मितानिन बहनें वार्डों में हर प्रकार की समस्या के निवारण के लिए खड़ी रहती हैं, चाहे चिकित्सा संबंधी मामले हों, वार्ड की साफ-सफाई की बात हो या फिर सड़क - नाली - बिजली जैसी समस्याओं के अलावा लोगों के व्यक्तिगत दुःख सुख में भी खड़ी रहती हैं। इसके अलावा सरकार की जो भी लाभकारी योजनाएँ आती हैं उसको घर-घर पहुँचाने का काम भी करती हैं। साल में एक दिन मितानिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सौभाग्य की बात है कि पिछले 07 वर्षों से लगातार मेरे द्वारा इनके सम्मान करने का गौरव मुझे प्राप्त हो रहा है। संदीप तिवारी ने कहा वार्ड के प्रत्येक जनप्रतिनिधि या फिर सामाजिक संस्था के अलावा हर व्यक्ति से निवेदन करता हूँ कि कम से कम आज के दिन मितानिन बहनों का सम्मान



अवश्य करें ताकि उनका भी उत्साह बना रहे और वो दुगुनी उत्साह से लोगों की सेवा में खड़े रहें। आज मितानिन बहनें समाज में एक अलग पहचान बन चुकी हैं। आज के इस सम्मान समारोह में कल्याण साहू, डोमेश शर्मा शुभम देवांगन, बेंजो शर्मा, सेवा साहू उपस्थित थे। मितानिन सम्मान कार्यक्रम में लीला देवांगन, करूणा सहारे, मधु देवांगन, सीमा देवांगन,किरण सिन्हा, विजय लक्ष्मी,शबनम खातून, सरोज यदु,राधिका देवांगन मंजू देवांगन, टेशू देवांगन, सरीता गेडाम, रूखमणी देवांगन, लता वर्मा, कुन्ती देवांगन सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन का दीपावली मिलन सम्पन्न

**रायपुर, 26 नवम्बर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के सोशल एक्टीविटी ग्रुप का दीपावली मिलन कार्यक्रम अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को होटल एम्ब्राल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश व सरस्वती वंदना से किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी एवं माह दिसम्बर, 2023 में दर्शनीय स्थल भ्रमण, जनवरी, 2024 में



चाणक्य स्मृति दिवस के आयोजन के विषय में जानकारी प्रदान की. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन के आगामी कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की. इस अवसर पर गायन व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की. आयोजित गायन स्पर्धा पुरूष वर्ग में प्रथम सुनील ओझा, द्वितीय सुनील शुक्ला, गायन महिला वर्ग में प्रथम अनिता राव, द्वितीय निकिता तिवारी, कविता पाठ में विद्या भट्ट एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रथम सुनीता शर्मा, द्वितीय अभिषेक त्रिपाठी को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक बी. शैलजा, लक्ष्मी राव, ज्योति राव एवं कार्यक्रम संयोजक सुमन मिश्रा जी थे।

बैठक में विशेष रुप से राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, महासचिव द्वय अजय अवस्थी, सुनील ओझा, महिला उपाध्यक्ष द्वय मिथिलेश रिछारिया, संगीता शर्मा, गिरजाशंकर दीक्षित, राम तिवारी, अर्चना तिवारी, बीवीएस राजकुमार, रीता तिवारी, राकेश तिवारी, भानु प्रकाश पाण्डेय, सुलभा पाण्डेय, सतीश शर्मा, राघवेंद्र पाठक, नरहरि होता, सुदर्शन दीक्षित सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे.

कार्यक्रम का मंच संचालन सांस्कृतिक प्रभारी प्रीति दास मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा द्वारा किया गया. कार्यक्रम के समापन में सभी ने एक दूसरे को बधाईयां व शुभकामनाएं प्रदान कर स्वल्पाहार का आनंद उठाया.

# साक्षरता से बढ़ेगा महिलाओं का सम्मान




**रायपुर, 26 नवम्बर।** साक्षरता बढ़ेगी तो महिलाओं का सम्मान होगा तभी महिला हिंसा उन्मूलन में हम सफल होंगे।उक्त बातें डॉ सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड रायपुर ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर पुलिस पब्लिक स्कूल पेंशनबाड़ा में कही। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मिश्रा ने स्काउट गाइड के बच्चों को महिलाओं के सम्मान करने की बात कही। उपस्थित स्काउट गाइड के छात्रों ने झंडे को सलामी देकर प्रार्थना गीत भी गाया। कार्यक्रम में प्रभरी शिक्षक जयदीप, ट्रेनर परिहार जी,डी ओ सी बालकदास जी दीपक जी आदि उपस्थित थे।

# नगर कीर्तन शोभायात्रा का स्वागत

**रायपुर, 26 नवम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट ने श्री गुरुनानक देव जी प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कन्फेड्रेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की गुरु



नानक जयंती सिखों द्वारा मनाए जाने वाले गुरू पर्व में से एक है। गुरु नानक जयंती सिख धर्म के संस्थापक के जन्म का प्रतीक है, जो सिखों के सभी दस गुरुओं में से पहला है, जिसका नाम नानक है। गुरू पर्व दुनिया भर में हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार कार्तिक महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। गुरु नानक जी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 को हुआ था। उनका विश्वास एक ईश्वर के अस्तित्व पर था। उन्होंने हर जगह यात्रा की, जहां उन्होंने संदेश फैलाया। एक शिक्षक के रूप में, उनकी शिक्षाओं को सिखों के पवित्र ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब में दायर किया जाता है। उनका उपदेश एक ईश्वर पर आधारित था और यह ईश्वर कैसे बिना किसी भेदभाव के सभी को प्यार करता है। कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्द्रर सिंह ने बताया कि गुरूनानक जी अनुयायी सिख के रूप में जाने जाते हैं। वे हर साल अपने गुरु, गुरु नानक देव का जन्मदिन गुरु नानक गुरु पर्व के नाम से मनाते हैं। गुरू पर्व की शुरुआत गुरुद्वारों में सुबह की प्रभात फेरी से होती है। गुरू पर्व से पहले, गुरुद्वारों में लगातार अड़तालीस घंटे तक सिखों के पवित्र ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब को पढ़ने की परंपरा है। नगर कीर्तन शोभायात्रा के माध्यम से इस दिन गुरु नानक जी का संदेश फैलाया। नगर कीर्तन शोभायात्रा के दौरान, स्थानीय बैंड भजनों के साथ सिख वैवाहिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाता है। निः शुल्क सांप्रदायिक दोपहर का भोजन, सेवा और भक्ति की भावना के साथ, वर्ग, जाति या पंथ के बावजूद सभी को भोजन देने के विचार को दर्शाता है। गुरु नानक देव का गुरू पर्व बिना किसी भेदभाव के समानता सिखाता है।

### कौशल विकास कार्यक्रम में बनाई गई कलाकृतियां

**रायपुर, 26 नवम्बर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया




जिसमें महाविद्यालय की लगभग 400 छात्रों ने विविध कलाकृति जैसे कछुआ,स्वागत पट्टी,दीपतालिका सैंधव कालीन बैल आदि का निर्माण बड़ी सुंदर ढंग से किया। कार्यक्रम की प्रशिक्षिका श्रीमती निवेदिता पांड्या कलाकृति विशेषज्ञ एवं एवं सोनाली वैद्य के नेतृत्व में कार्यक्रम पूर्णता को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल ने बधाई देते हुए कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम छात्राओं के कला को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कार्यक्रम के संयोजक डॉ शंपा चौबे रही उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सरिता दुबे, डॉ महेंद्र सार्वा, डॉ नितिन पांडे ,श्री शुभम दिव्य सहित महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा है। महाविद्यालयीन छात्राओं ने कौशल विकास द्वारा सीखी गई विविध कलाकृतियों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय माना भविष्य में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निवेदन प्रस्तुत किए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23